RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 किताबों से नहीं, असली...

वर्ष : 27 | अंक : 179 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 19 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# गाजियाबाद में थाने के सामने युवक की हत्या

## गाड़ी हटाने को लेकर हुआ विवाद, थाना प्रभारी सस्पेंड





## परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर किया हंगामा



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे पुलिस थाने के बाहर भी हत्या करने से नहीं डर रहे हैं। बुधवार रात मुरादनगर थाने के बाहर (32 वर्षीय) युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मृतक रवि मूल रूप से मिल्क रावली गांव का निवासी था और कीटनाशकों (पेस्टीसाइड) का कारोबार करता था। युवक को बदमाशों ने थाने के सामने चार गोली मारी। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आज सुबह नाराज परिजनों ने मुरादनगर थाने के बाहर युवक का शव रखकर प्रदर्शन किया।

पुलिस के मुताबिक बुधवार रात सड़क पर खड़ी कार हटाने के मामूली बहस से यह विवाद शुरू हुआ था, जिसके बाद आरोपियों द्वारा पहले मृतक के घर के बाहर गोली चलाई गई। जब इसकी शिकायत करने युवक मुरादनगर थाने पहुंचा तो, थाने के बाहर ही उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या कर बाइक सवार दो आरोपी बड़े आराम से मौके से फरार भी हो गए।

मृतक रवि शर्मा (32 वर्षीय) के पिता रवींद्र शर्मा ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

### मुरादनगर थानाध्यक्ष सहित 3 पुलिसकर्मियों पर एक्शन

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** मुरादनगर थाने के सामने युवक की हत्या के मामले में गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त ने सख्त एक्शन लिया है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सोश मीडिया सेल ने बताया कि ग्राम मिलक रावली में दो पक्षों के मध्य के विवाद के सम्बन्ध में 18.06.2025 को रात्रि करीब 11:45 बजे थाना मुरादनगर के सामने हुयी फायरिंग की घटना जिसमें एक व्यक्ति रवि शर्मा को गोली लगने से मृत्यु होने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा थानाध्यक्ष, मुरादनगर उ0नि0 श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर, थाने पर नियुक्त रात्रि अधिकारी उ0नि0 श्री सूबे सिंह तथा विवाद क्षेत्र से सम्बन्धित बी0पी0ओ0 उ0नि0 मोहित सिंह को निलम्बित कर दिया गया है।

# इजरायल के अस्पताल पर हमला, बड़ी तबाही

## ईरान के परमाणु व सैन्य ठिकानों पर बमबारी





**दुबई (एजेंसी)।** ईरान-इजराइल के बीच जंग तेज होती जा रही है। इजरायल के हमले के बाद ईरान ने अपना पलटवार और भीषण कर दिया है। आज ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला बोला है। यहां तक की इजरायल के एक बड़े अस्पताल को भी उसने सीधा निशाना बनाया है। ईरान के हमले के बाद इजरायल को बड़ा नुकसान हुआ है। ईरान ने इजरायल के सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला बोला है, जो इजराइल के दक्षिण में एक बड़ा अस्पताल है। इस हमले में बड़ी तबाही हुई है। वहीं इजरायल ने ईरान के परमाणु व सैन्य ठिकानों पर हमला बोल दिया है। बीर शेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में 'काफी नुकसान' हुआ है और हमले में लोग घायल हुए हैं। अस्पताल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इलाज के लिए न आएं।

अस्पताल की वेबसाइट के अनुसार, अस्पताल में 1,000 से अधिक बिस्तर हैं और यह इजराइल के दक्षिण के लगभग 1 मिलियन निवासियों को सेवाएं प्रदान करता है। हमले के बाद विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, अग्निशामकों ने कहा कि ऐसा लगता है कि मेडिकल बिल्डिंग और कुछ अपार्टमेंट इमारतों पर हमला किया गया था। इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई कि कोई घायल हुआ है या नहीं। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने गुरुवार को कहा कि यह हमला तब हुआ जब इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया।

इजराइल ने गुरुवार सुबह पहले ही चेतावनी दी थी कि वह हमला करेगा और लोगों से इलाके से भागने को कहा था।

इसी बीच इजरायल ने अराक रिएक्टर इलाके के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की टक्कर लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि छपरौला रेलवे फाटक के पास एक युवक ने अचानक ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के आधार पर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची मृतक की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान दुर्गा बस्ती छपरौला में रहने वाले गुरप्रीत पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गुरप्रीत के माता-पिता काफी समय पूर्व गुजर गए थे। गुरप्रीत को उसके चाचा बलविंदर ने ही पाला पोसा पहुंचा था। बलविंदर के भी कोई लड़का नहीं था इसलिए वह उसे अपने बेटे से भी अधिक प्यार करते थे। जांच के दौरान पता चला है कि गुरप्रीत पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## एक करोड़ का बकाया न देने पर पार्किंग का ठेका निरस्त

### काली सूची में डालने का आदेश

**नोएडा (चेतना मंच)।** बकाया नहीं देने पर नोएडा प्राधिकरण ने एक एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर उससे अनुबंध समाप्त कर दिया है। अब प्राधिकरण इन सेक्टरों में पार्किंग संचालित कराने के लिए नए सिरे से टेंडर जारी करेगा।

नोएडा ट्रैफिक सेल के अधिकारियों ने बताया कि पार्किंग के लिए क्लस्टर नंबर-8 का टेंडर मैसर्स आयुष पार्किंग सर्विस को दिया गया था। इस क्लस्टर के तहत सेक्टर-73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 94 और 120 की सड़कों पर पार्किंग शुरू की गई थी। सेक्टर-94 में सुपरनोवा बिल्डिंग के पीछे पार्किंग चलती है। इन सभी जगह करीब 800 वाहन खड़े करने की क्षमता है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुबंध के तहत एजेंसी को संबंधित स्थानों पर पार्किंग चलाने के लिए हर महीने 14 लाख रुपये प्राधिकरण के खाते में जमा कराने थे लेकिन ठेका लेने के कुछ महीने बाद ही पैसे देने बंद कर दिए। ऐसे में एजेंसी पर करीब 1 करोड़ रुपये बकाया हो गए। बकाया लेने के लिए प्राधिकरण ने कई बार नोटिस जारी किए लेकिन उसने बकाया जमा नहीं कराया। कुछ महीने पहले एजेंसी की ओर से 50 लाख रुपये की राशि के तीन चेक दिए गए लेकिन वह भी बाउंस हो गए। ऐसे में प्राधिकरण ने अब एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए अनुबंध खत्म करने का निर्णय लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की प्राधिकरण के पास 42 लाख रुपये की ईएमडी जमा है। उसको जब्त कर लिया जाएगा। बाकी पैसे के लिए डीएम को पत्र लिखककर आरसी जारी कराई जाएगी। अब संबंधित स्थानों पर नई एजेंसी के जरिए पार्किंग शुरू कराने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर जारी कर एजेंसी चयन की प्रक्रिया में कुछ महीने का वक्त लगेगा।

## मोबाइल टॉवर से आरआरयू चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल टॉवर से चोरों ने एक आरआरयू चोरी कर लिया। मोबाइल कंपनी के टेक्नीशियन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसजी एनकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के टेक्नीशियन ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा सिंधु टावरों की देखने का कार्य किया जाता है। उक्त कंपनी का एक टॉवर सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन की ग्रीन बेल्ट में लगा हुआ है। 24 मई को अलार्म मिला कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जमीन बेचने के नाम पर महिला से 20 लाख रुपये की जालसाजी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जमीन बेचने के नाम पर जालसाज ने एक महिला से 20 लाख रुपए हड़प लिए। जमीन का बैनामा ना होने पर महिला ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित महिला ने चार नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के पी-3 सेक्टर में रहने वाली सुमन सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में आगरा निवासी राजनाथ यादव अपने परिवार सहित रहता था। उसने अपने खेत की जमीन बेचने का प्रस्ताव उसके सामने रखा। सुमन के मुताबिक 20 लाख रुपए में जमीन खरीदने का सौदा तय हुआ उसने वर्ष-2022 में राजनाथ यादव को 20 लाख रुपए अदा कर दिए।

राजनाथ यादव ने कुछ राशि अपने भतीजे जय यादव (शेष पृष्ठ-3 पर)




## राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने मनाया


**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी का 53वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

सेक्टर-52 स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सभी कार्यकर्ताओं ने नोएडा महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान काटकर सभी ने एक-दूसरे को खिलाया तथा राहुल गांधी के लंबी उम्र की कामना की।

इस मौके पर पुरुषोत्तम नागर, पवन शर्मा, फिरे सिंह नागर, लियाकत चौधरी, मधुराज, ललित अवाना, चरण सिंह यादव, संजय तनेजा ,दयाशंकर पांडेय, रामकुमार शर्मा, विक्रम चौधरी, राहुल पांडेय, पंकज वाल्मीकि, विक्रम सेठी, ईश्वर कुमार, सुल्तान सिंह बिधूड़ी आदि कांगेसी मौजूद थे।

## तेजी से बढ़ रहा है रालोद का कुनबा

### डॉ. नरेंद्र तंवर बने राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 के झुंडपुरा गांव निवासी डॉ. नरेंद्र तंवर को राष्ट्रीय लोकदल का नोएडा महानगर का महासचिव मनोनीत किया गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता मनोज चौधरी ने दी है।

मनोज चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश के अनुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी की अनुमति लेकर नोएडा महानगर अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने डॉक्टर नरेंद्र तंवर को नोएडा महानगर का महामंत्री मनोनीत किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 30 जून तक आंगनवाड़ी लाभार्थियों का ई-केवाईसी और फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत सरकार ने निर्देश दिए है कि सभी आंगनवाड़ी लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं फेस ऑथेंटिकेशन कार्य 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। यह कार्य केंद्र सरकार की प्राथमिकता और लक्ष्यों में शामिल है। जिन लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं फेस ऑथेंटिकेशन 30 जून तक पूर्ण नहीं होगा, उन्हें पुष्टाहार वितरण से वंचित कर दिया जाएगा। यह सीधा निर्देश है, जिससे कोई छूट नहीं दी जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त, बार-बार निर्देश देने के बावजूद जो भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरत रही हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है और उनका मानदेय रोका जा रहा है। यह एक सख्त चेतावनी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही की दशा में मानदेय सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

सीडीपीओ और डीपीओ स्तर से लगातार फील्ड विजिट की जा रही हैं ताकि इस कार्य की निगरानी और प्रगति सुनिश्चित की जा सके। लाभार्थियों के अधिकारों और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु यह कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम तिवारी ने कहा कि ई-केवाईसी और फेस ऑथेंटिकेशन का कार्य पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी दक्षता की दिशा में एक बड़ा कदम है। हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह 30 जून तक यह कार्य पूर्ण कराए। किसी भी स्तर पर लापरवाही से योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित होता है, जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। हम स्वयं फील्ड में जाकर प्रगति की निगरानी कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

यह अपील की जाती है कि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और इस महत्त्वपूर्ण कार्य को समय से पूर्ण करें।

## सब्जी खरीदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** सब्जी खरीदने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। थाना फेस-1 पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-5 की जेजे कॉलोनी में रहने वाला कुक्कू व उसका मामा दीपू सेक्टर-8 में सब्जी खरीदने आए थे। सब्जी खरीदने के दौरान उनका संजय व मोहित से वाद-विवाद हो गया। वाद-विवाद इतना बड़ा कि दोनों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी डंडे से हमला करना शुरू कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। झगड़े के दौरान रोड किनारे खड़ी स्विफ्ट कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में मोहित को छोटे आई हैं। सूचना मिलने पर थाना फेस-1 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे को देख लेने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पहलगाम हमला

आखिरकार भारत की चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाकिस्तान को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, हकीकत बनती नजर आ रही है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। अब वैश्विक वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण गतिविधियों के लिए वैश्विक निगरानी संस्था है, ने अंतत: 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आतंकवाद के लिए फंडिग के रिकॉर्ड की निगरानी करने वाली इस संस्था ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। उल्लेखनीय है कि पाक को वर्ष 2022 में इस सूची से हटा दिया गया था। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन को मनाने में सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाकिस्तान को करना पड़ेगा। यह विडंबना ही कि पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक-साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाकिस्तान का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धर्ताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च नहीं करेगा। धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए। भारत को निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क को खत्म करने के पाकिस्तान के दावे की हकीकत पता लगाए। अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ को इस बात पर जोर देना चाहिए कि पाकिस्तान की कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित हो ताकि पाकिस्तान एक बार फिर से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम न दे सके।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उनको वर देकर ब्रह्माजी चले गए और वे (तीनों भाई) हर्षित हेकर अपने घर लौट आए। मय दानव की मंदोदरी नाम की कन्या परम सुंदरी और स्त्रियों में शिरोमणि थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोइ मयँ दीन्हि रावनहि आनी। होइहि जातुधानपति जानी॥**

**हरषित भयउ नारि भलि पाई। पुनि दोउ बंधु बिआहेसि जाई॥**

मय ने उसे लाकर रावण को दिया। उसने जान लिया कि यह राक्षसों का राजा होगा। अच्छी स्त्री पाकर रावण प्रसन्न हुआ और फिर उसने जाकर दोनों भाइयों का विवाह कर दिया॥

**गिरि त्रिकूट एक सिंधु मझारी। बिधि निर्मित दुर्गम अति भारी॥**

**सोइ मय दानवँ बहुरि सँवारा। कनक रचित मनि भवन अपारा॥**

समुद्र के बीच में त्रिकूट नामक पर्वत पर ब्रह्मा का बनाया हुआ एक बड़ा भारी किला था। (महान मायावी और निपुण कारीगर) मय दानव ने उसको फिर से सजा दिया। उसमें मणियों से जड़े हुए सोने के अनगिनत महल थे॥

**भोगावति जसि अहिकुल बासा। अमरावति जसि सक्रनिवासा॥**

**तिन्ह तें अधिक रम्य अति बंका। जग बिख्यात नाम तेहि लंका॥**

जैसी नागकुल के रहने की (पाताल लोक में) भोगावती पुरी है और इन्द्र के रहने की (स्वर्गलोक में) अमरावती पुरी है, उनसे भी अधिक सुंदर और बाँका वह दुर्ग था। जगत में उसका नाम लंका प्रसिद्ध हुआ॥

**(क्रमश:...)**

# संवाद से समाधान है अहिंसक क्रांति का शंखनाद

लंबे समय से दुनिया में युद्ध का माहौल बना हुआ है। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अब इजरायल-ईरान के बीच विनाशकारी युद्ध के साथ-साथ परमाणु युद्ध की संभावनाओं ने मनुष्य जीवन के अस्तित्व पर संकट के बादल गहरा दिये हैं। देश और दुनिया का जीवन जहां हिंसा, युद्ध और आतंकवाद के सूली पर चढ़ा हुआ है, वहीं विकृतियां एवं विसंगतियां के कोहराम में जीवन मूल्य, आस्था और अहिंसा दम तोड़ रही है। इन विषम स्थितियों में प्रश्न है कि मानवता को बचाने के लिए कौन आगे आएगा? कौन मानवता के लिए त्राण बनेगा? कौन विध्वंस और विनाश से बचायेगा? इन संकटकालीन स्थितियों में एक रोशनी है भगवान महावीर। इन जटिल से जटिलतर होते हुए माहौल में भगवान महावीर के अहिंसा एवं शांति संदेश को देश और दुनिया में पहुंचाने के लिए महावीरायतन फाउंडेशन के तत्वावधान में 'संवाद से समाधान' एक परिचर्चा की शृंखला प्रारंभ की गयी है, जिसके अंतर्गत 23 जून 2025 को आर्थिक राजधानी मुंबई में एक अहिंसा का शंखनाद होने जा रहा है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला मुख्य अतिथि तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस विशिष्ट अतिथि होंगे। जैन श्रद्धालु बड़ी संख्या में तीर्थंकर भगवान महावीर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर समाज, राष्ट्र एवं दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्यरत होने के लिए संकल्पित होंगे।

आदि तीर्थंकर ऋषभ की परम्परा के ही अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के पूजनीय है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ने इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर का धर्म एवं दर्शन आज के हिंसा, युद्ध, आतंक एवं आर्थिक विषमता के दौर में ज्यादा जरूरी है। समय के आकाश पर आज अनगिनत प्रश्नों का कोलाहल है। महावीर ने जो उपदेश दिया हम उसे आचरण में क्यों नहीं उतार पाए? मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास कमजोर क्यों पड़ा? ये ऐसे प्रश्न हैं जो हमारे जीवन को जटिल और समस्याग्रस्त बना रहे हैं। मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है।

भगवान महावीर के कालजयी सिद्धांत 'जीयो और जीने दो' तथा भारतीय मनीषा के मंत्र 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के आलोक में समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय युद्ध, आतंकवाद एवं हिंसा की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सामाजिक और मानवीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श-महामंथन का यह एक अनुष्ठान है, विमर्श-कुंभ है। जिससे युद्ध के माहौल में अयुद्ध, हिंसा नहीं अहिंसा, अमानवीयता नहीं मानवीयता का संदेश दिया जाएगा। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज की समस्याओं का समाधान आज प्रस्तुत करने के ध्येय के साथ 'संवाद से समाधान' कार्यक्रमों की शृंखला प्रारंभ की गयी है। अस्तित्व को पहचानने, दूसरों के अस्तित्वों से जुड़ने, सामाजिक पहचान बनाने, अपने अस्तित्व को समाज, देश और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाने के लिए यह विशिष्ट उपक्रम अस्तित्व में आया है। जिसके साथ देश और दुनिया की सकारात्मक और अहिंसात्मक शक्तियों को जोड़ा गया है। समाज में नई मूल्यों की स्थापना कर उसे सुंदर शक्ल देने की जिम्मेदारी इस उपक्रम पर है। आम आदमी कोई बड़ी लकीर नहीं खींच सकता। वह निर्धारित नीतियों पर चल सकता है, पर कुछ नया करने का साहस उसमें नहीं होता है। इसी दृष्टि से यह आवश्यक प्रतीत होता है कि देश और दुनिया की सकारात्मक शक्तियां एकत्रित होकर सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और वैश्विक स्थितियों और मूल्यों के विषय में चिंतन करे और आने वाली पीढ़ी के लिए ठोस धरातल का निर्माण करे। इस दृष्टि से भगवान महावीर का दर्शन सर्वाधिक कारगर और उपयोगी है।



**दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है।**

'संवाद से समाधान' का मुख्य उद्देश्य महावीर के संदेशों को देश और दुनिया में पहुंचाना एवं देश और दुनिया की जटिल समस्याओं से निपटने का प्रयास करना है। युगीन मनोरचना में अनुशासन के स्थान पर स्वच्छंदता, त्याग के स्थान पर भोगवाद, संयम के स्थान असंयम, अहिंसा के स्थान पर हिंसा अधिक सक्रिय है। ऐसी स्थितियों में सकारात्मक शक्तियां किस तरह से सामाजिक अनुशासन, अहिंसा, संयम में अपना योगदान दे सकती है? इन शक्तियों को विनयजीवी बनना होगा। वे महावीर मनीषा तक पहुंचकर नई दृष्टि प्राप्त करे। वे इस बात को समझें कि अक्षर के बिना भी अक्षय की साधना हो सकती है। शब्दों की सिद्धि के बिना शब्द भी व्यर्थ हो जाते हैं। देश की युवापीढ़ी को बुद्धि के साथ करुणा, अहिंसा एवं शांति की लोकयात्रा के लिए आगे बढ़ाना है।

युग की समस्याओं के लिए महावीर ही क्यों? भगवान महावीर में ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और संयम के सभी तत्वों का समाहार है। महावीर ऐसा शब्द है जो अखण्ड व्यक्तित्व का प्रतीक है। 'संवाद से समाधान' के रूप में जो अभियान शुरू हो रहा है वह अखण्ड व्यक्तित्व के निर्माण की योजना है। वह अहिंसक और शांति प्रिय मनुष्य के निर्माण की योजना है। वह आध्यात्मिक और वैज्ञानिक व्यक्तित्व के निर्माण की योजना है। खण्डित व्यक्तित्व समस्याएं पैदा करता है। बुद्धि निर्माणकारी ही नहीं विध्वंसक भी है। बुद्धि के साथ नेगेटिव एटीच्यूड जुड़ने से खतरे ज्यादा बढ़ गये हैं। बुद्धि के साथ भावनात्मक विकास हो तो वह कामधेनु बन सकती है। आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है।

'संवाद से समाधान' एक ऐसा राष्ट्रीय मंच है जहां धर्म, समाज, शासन, शिक्षा और उद्योग जगत के विभिन्न आयामों से जुड़े विचारक व संत, संवाद के माध्यम से समाधान की खोज करते हैं। इसका उद्देश्य है संवाद के जरिये करुणा, अहिंसा, समरसता और नैतिकता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी एवं अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत है, जो भारत के विभिन्न राज्यों और विश्व के अनेक देशों में करुणा और शांति का संदेश लेकर पहुंचेगा। भविष्य की अजानी राहों में पांव रखते समय यदि हम महावीर की शिक्षाओं का आलोक साथ में रख पाये तो उस मार्ग में कहीं भी अवरोध नहीं आएगा।

महावीरायतन फाउंडेशन अपनी विविध मानव कल्याणकारी एवं अहिंसा-शांति की गतिविधियों के लिए प्रयासरत है। हिंसा, युद्ध एवं आतंकवाद के नियंत्रण के लिए महावीर के अहिंसा एवं समाज दर्शन को कारगर मानते हुए इस बहुआयामी आयोजन की परिकल्पना की गयी है। यह आयोजना 'सच्चं लोयम्मि सारभूमं' का उच्चारण है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी होता है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे संकल्पित और एकात्ममुख करना जरूरी है। जैन समाज आस्थाशील समाज है। आस्था के धागे में बंधा हुआ समाज कठिन से कठिन चढ़ाई के मार्ग पर भी आरोहण करने में सफल हो सकता है। समाज केवल धर्म के आधार पर नहीं चलता। उसे धार्मिक चेतना के साथ सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक चेतना की भी अपेक्षा रहती है। इस बहुमुखी चेतना को स्वर देने के लिए ही 'संवाद से समाधान' की योजना अस्तित्व में आयी है। लाखों लोगों के समाज में किसी कोने में कोई स्वर उभरे और वह वहीं खो जाये तो उस स्वर का कोई अर्थ नहीं रह जाता। एक स्वर लाखों लोगों का स्वर बने तो उसमें एक शक्ति पैदा होती है। ऐसी शक्ति जो सारे संसार को हिला सके, यह तभी हो सकता है जब एक स्वर लाखों लोगों तक पहुंच जाए, देश और दुनिया तक पहुंच जाए। इसी ध्येय से 'संवाद से समाधान' वर्तमान की एक ठोस उपलब्धि बनने की ओर अग्रसर है। यह समस्याग्रस्त दुनिया के लिए एक कल्पवृक्ष की भांति है। कल्पवृक्ष की छांव में रहने वाले लोग पूरी तरह से निश्चिंत रहते हैं।

**- देवेन्द्र ब्रह्मचारी**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# मानवता की डिग्री (व्यंग्य)

नेताजी ने भी वैसा ही कहा कि जब आप किसी का इलाज कर रहे होते हैं तो किसी परिवार के एक सदस्य का नहीं पूरे परिवार की आशा और विशवास का इलाज कर रहे होते हैं। यह बात व्यवसायिक कोर्स कर रहे अधिकांश छात्रों के सर के ऊपर से निकल गई।

शासक बना राजनेता, जब उद्योग हो चुकी शिक्षा के माध्यम से मानव सेवा की बात करता है तो कितना अजीब लगता है। इस बार भी उन्होंने छात्रों से कहा कि केवल डिग्री लेने के लिए न पढ़ें बल्कि मानवता के सच्चे वाहक बनने की दिशा में आगे बढ़ें। एक बार यह लगा कि उनका संवाद किसी नाटक का हिस्सा है। यह बात किसी फिल्म में भी नहीं देख रहे थे। यह तो एक प्रसिद्ध विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित वार्षिक समारोह में कही गई। उनके ऐसा कहने पर काफी लोगों ने खूब तालियां बजाई जिनमें छात्र भी शामिल रहे लेकिन कुछ छात्रों को उनके अभिभावकों द्वारा बैंक से लिए गए शिक्षा ऋण की न दी गई किश्तें याद आने लगी। वह दिन याद आने लगा जब उनके माता पिता पहली बार उन्हें इस परिसर में छोड़ने आए थे और कहा था, बेटा ध्यान से पढ़ना खूब मेहनत करना ।

उन विद्यार्थियों को लग रहा था कि प्रसिद्ध लोग, खुद को सात फुट ऊंचा समझते हुए, कैसी भी बातें करने के लिए अधिकृत होते हैं। नेताजी ने भी वैसा ही कहा कि जब आप किसी का इलाज कर रहे होते हैं तो किसी परिवार के एक सदस्य का नहीं पूरे परिवार की आशा और विशवास का इलाज कर रहे होते हैं। यह बात व्यवसायिक कोर्स कर रहे अधिकांश छात्रों के सर के ऊपर से निकल गई। उन्हें लगा कि वह अध्यात्म की कक्षा में हैं और योग भी सीख रहे हैं।

मुख्य अतिथि चाहे काले, भूरे, लम्बे, तिकोने, चौरस या मोटे हों लगभग एक जैसी बात करते हैं। उन्होंने कहा मैं इस संस्थान की कार्यशैली, अनुशासन, समाज के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। छात्रों ने खुद से कहा कि अब तो उन्हें भी संस्थान की धन कमाऊ व्यावसायिक कार्य शैली समझ आने लगी हैं। राजनीति के बेटे मुख्य अतिथि ने कहा, मुझे तो इस पंडाल में देश की सशक्त झलक मिल रही है। आप मुझे निस्वार्थ सेवक लग रहे हो। विद्यार्थियों को लगा वे तो यहां व्यावसायिक डिग्री लेने आए हैं। प्रशिक्षण लेकर दूसरे लोगों का स्वास्थ्य सुधार कर पैसे कमाने के काबिल बनकर जाना चाहते हैं। अपना व्यावसायिक जीवन शुरू कर बैंक का कर्ज भी चुकाना चाहते हैं ताकि अभिभावकों को भी गर्व महसूस हो कि उनके बच्चे अपने पांव पर खड़े हो गए हैं। जीवन में अच्छे सपने देख सकें, जिसमें मनपसंद जीवन साथी सहयोग करे और एक बार मिली ज़िंदगी सफलता से गुज़ार सकें। दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकें।



विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के समापन तक बैठना ही था लेकिन वे मुख्य अतिथि की आदर्श भरी बातों से खुद को जुड़ता हुआ न पा सके। उन्हें समझ आ रहा था, जीवन भी एक व्यवसाय है जिसका आर्थिक रूप से समृद्ध होना लाज़मी है।

**- संतोष उत्सुक**

# राशिफल

**आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनाब-शनाब खर्च होंगे। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा, अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय प्रभावित दिख रहा है। मन अप्रसन्न दिख रहा है। यात्रा में कष्ट संभव है। स्वास्थ्य ठीक है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यापारिक स्थिति उतार-चढ़ाव में बना रहेगा। कोर्ट कचहरी से बचें। स्वास्थ्य प्रभावित है। सीने में विकार संभव है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
यात्रा स्थगित रखें। धर्म-कर्म में अतिवादी न बनें। मान प्रतिष्ठा पर आंच आ सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी में कोई रिस्क न लें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रु परास्त होंगे। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के बड़े संकेत हैं। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी विवादित हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति मध्यम है। अभी कोई नई शुरुआत ना करें। स्वयं के स्वास्थ्य पर और अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
घबराहट बेचैनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार लगभग ठीक है।

# पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, सेक्टर को हरित स्वच्छ व विकासशील बनाने का लिया संकल्प



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पर्यावरण की रक्षा तभी हो सकती है जब हम ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करें और रोपित पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करें। ग्रेटर नोएडा के दादरी में बालाजी एंक्लेव की नवगठित आरडब्ल्यूए ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए सेक्टर में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। नई आरडब्ल्यूए की टीम ने ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित अपनी सोसायटी को हरा-भरा, स्वच्छ व विकासशील बनाने का संकल्प लिया है।

ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित बालाजी एनक्लेव सेक्टर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही सेक्टर में विकास कार्यों का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई नवगठित सेक्टर कार्यकारिणी और सेक्टर अध्यक्ष ओमवीर आर्य एडवोकेट ने की।

ओमवीर आर्य ने बताया कि हाल ही में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है और कार्यभार संभालते ही पहला कदम पर्यावरण सरंक्षण की ओर बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि सेक्टर को हरित, स्वच्छ और विकासशील बनाएं। वृक्षारोपण इसके लिए पहली सीढ़ी है।

इस वृक्षारोपण अभियान में नीम, पीपल, बरगद, सहसूद आदि औषधीय एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। इन वृक्षों का पर्यावरण संतुलन, वायु शुद्धता और छाया उपलब्ध कराने में विशेष महत्व है।

कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की। भागवत भाटी, राज सिंह प्रधान, नाहर सिंह यादव, किरणपाल नागर, रमेश बंसल, विनोद अधाना, जितेन्द्र नागर, ईन्दर नागर, जगदीश फौजी, तुषार भाटी, विनोद नागर, सुबोध ठाकुर, मनोज गर्ग, कमल शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण के पश्चात सेक्टर में विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वप्रथम मंदिर परिसर को सुंदर एवं व्यवस्थित करने पर सहमति बनी। साथ ही साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का खाका तैयार किया गया और कुछ कार्यों की शुरुआत उसी समय कर दी गई।

सेक्टर संयोजक एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने इस प्रयास को नियमित अभियान के रूप में चलाने का निर्णय लिया है, जिससे आने वाले वर्षों में बालाजी एनक्लेव एक आदर्श हरित कॉलोनी के रूप में उभरे। इस प्रकार, पर्यावरण संरक्षण के साथ समाज सेवा और सेक्टर विकास का यह संगम आने वाले समय में एक नई प्रेरणा बनेगा।

# भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी से त्रस्त है उत्तर प्रदेश की जनता : नादिर

- 2027 में पीडीए की सरकार बनना तय
- मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड ने जिले में किया ऐतिहासिक काम





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में 'पीडीए जन चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पार्टी के जनसंपर्क अभियान को गति देने और युवा मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम बन रहा है।

इस सिलसिले में गौतम बुद्ध नगर जिले में भी संगठनात्मक की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह ने अपने कार्यकाल में जिले के प्रत्येक ब्लॉक, गांव और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम किया है।

बताया जाता है कि जब से कुंवर नादिर शाह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उन्होंने हर वर्ग, हर समाज और हर जाति के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और सपा दोनों ही दलों ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। जहां एक ओर भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज है, वहीं अखिलेश यादव लगातार प्रदेशभर में भ्रमण कर भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि भाजपा ने राज्य को विकास के बजाय विनाश की दिशा में धकेलने का काम किया है।

गौतम बुद्ध नगर की बात करें तो यहां भी समाजवादी पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठन को मज़बूती प्रदान की है। मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर शाह अब तक सैकड़ों पंचायतों एवं नुक्कड़ सभाओं के ज़रिये हज़ारों लोगों को पार्टी से जोड़ चुके हैं।

एक बातचीत में उन्होंने कहा, 2027 में 'पीडीए' का नारा सफल होगा। उत्तर प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से त्रस्त है और भाजपा की सरकार ने युवाओं को केवल ठगा है। जनता अब मन बना चुकी है कि इस बार सपा को सत्ता में लाकर जवाब देगी।

## द ग्रेट खली से मिला युवाओं का प्रतिनिधिमंडल




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल कोशिंदर यादव के नेतृत्व में भारतीय पहलवान द ग्रेट खली से उनके आवास पर मिला। इस दौरान युवाओं ने शहर में पहलवानी कर रहे युवाओं की बात को द ग्रेट खली के साथ साझा किया और उन्हें नोएडा आने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान द ग्रेट खली ने नोएडा आकर युवाओं को पहलवानी रुख साझा करने व मार्गदर्शन देने की बात कही। उन्होंने युवाओं से अपनी अकेडमी सी.डब्ल्यू.ई रेस्टलिंग एकेडमी में आकर अभ्यास करने को भी कहा।

इस मौके पर सौरव यादव, अभिषेक यादव, अविनाश यादव सहित आदि युवा मौजूद रहे।

## बूम बैरियर तोड़ने वाले ट्रक ड्राइवरों पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लुहारली टोल प्लाजा पर बूम बैरियर तोड़कर जबरन ट्रक निकालने वाले लोगों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा टोल प्लाजा के मैनेजर द्वारा दर्ज कराया गया है। टोल प्लाजा के मैनेजर अरजीत दास गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 जून को टोल प्लाजा पर तीन ट्रक चालक अपने वाहनों को तेजी से चलाते हुए बिना टोल दिए जाने लगे। टोलकर्मियों ने जब उनसे टोल चुकाने को कहा तो वह अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने टोलकर्मियों को जान से मारने की भी धमकी दी। इसके बाद ट्रक चालक अपने वाहनों में बैठकर बूम बैरियर को तोड़ते हुए चले गए। पुलिस का कहना है कि टोल मैनेजर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## तमंचे के साथ बदमाश दबोचा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना पुलिस ने तमंचा सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक बदमाश असलाह लेकर वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी पानी की टंकी के पास पहुंचे और एक युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम हरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गौरव निवासी जनपद एटा बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह हाल में कालीचरण मार्केट कासना में रह रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ सत्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

**Greater Noida Industrial Development Authority**
Plot No. 01, Knowledge Park IV, Greater Noida, Gautam Budh Nagar-201308, U.P.
Website: www.greaternoidaauthority.in, Email: authority@gnida.in

Reference Number: 135 Date: 17/06/25

**Design, Build, Fund, Operate & Transfer of Foot Over Bridges (for a license period of 20 years) at multiple locations (in A+B packages) in Greater Noida**

Detailed RFP documents are available on the E-Procurement Portal of Government of UP **[http://etender.up.nic.in]** and Greater Noida Industrial Development Authorities' website **[http://www.greaternoidaauthority.in]** from **19/06/2025**.

Interested Bidders are required to apply online on the E-procurement website on or before **14/07/2025**. Pre-bid conference is scheduled for **06/07/2025, 13:00 hrs (IST) Board Room, 4th Floor, Admin Block, Greater Noida Industrial Development Authority**. The technical bids will be opened on **16.07.2025, 11:00 hrs (IST)**

In case of any queries, the Bidders are invited to contact - GM Project, Project Department, GNIDA, Plot No: 01, Knowledge Park IV, District: Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh 201308.
**Email: gmproject@gnida.in**

**General Manager**
**Projects Department, GNIDA**

Follow us on / OfficialGNIDA

# प्रमुख सचिव ने की औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की समीक्षा

**फैक्ट्री एक्ट में कंपनियों का पंजीकरण कराने पर दिया जोर**

**उद्योग न लगाने वालों का भूखंड आवंटन रद्द करने के निर्देश**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, यूपीसीडा सहित अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कंपनियों को फैक्ट्री एक्ट के तहत पंजीकरण कराने पर जोर दिया। फैक्ट्री एक्ट में कंपनियों का पंजीकरण कराने की धीमी प्रक्रिया पर असंतोष जाहिर किया।

उन्होंने प्राधिकरणों को श्रम एवं कारखाना विभाग के साथ शिविर लगाकर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि उद्यमियों को परेशान न होना प? और शिविर में आकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करा सकें।

उन्होंने श्रम विभाग को इस बाबत निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव ने सभी प्राधिकरणों को तय समयसीमा में पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि औद्योगिक भूखंड लेकर बैठे आवंटियों पर सख्ती करें।

अगर वे निर्माण जल्द शुरू नहीं करते हैं तो उनका आवंटन निरस्त करें। उन भूखंडों को किसी और उद्यमी को आवंटित करें, ताकि उस भूखंड पर उद्योग लग सके और निवेश व रोजगार की मंशा पूरी हो सके। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी एनके सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व उद्यमी मित्र मौजूद रहे। बैठक में अन्य प्राधिकरणों के अधिकारीगण ऑनलाइन जुड़े रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**इजरायल के अस्पताल...**

आसपास बमबारी शुरू कर दी है। साथ ही इजरायली रक्षा बल ने इस इलाके में रहने वाले लोगों से इलाका खाली करने की अपील की। वहीं, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल के तेल अवीव, बीर्शेबा, रमतगन और होलोन पर चार बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। इनमें से एक मिसाइल तेल अवीव में अस्पताल पर गिरी है, जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई।

**गाजियाबाद में थाने ...**

बताया कि बुधवार को वह अपनी भतीजी को कार से लेने के लिए गांव के रास्ते की सड़क पर गांव के बाहर खड़े थे। उसी दौरान गांव के ही मोंटू और अजय चौधरी नाम के दो युवकों से कार हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। रवि के पिता ने समझाया कि वे भतीजी को पिक करने आए हैं और आरोपी सड़क के किनारे से निकल सकते हैं। इसी बात पर दोनों आरोपी भड़क गए और वहां से धमकी देकर चले गए।

विवाद के चलते पहले आरोपियों ने रवि शर्मा के घर के बाहर फायरिंग कर दी। दो गोलियां घर के गेट पर लगीं। घटना से डरे-सहमे रवि शर्मा अपने पिता और कुछ अन्य लोगों के साथ मुरादनगर थाने में देर रात शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। परिजनों के अनुसार जब रवि थाने के बाहर खड़ा था, तभी आरोपी मोंटू और अजय चौधरी बाइक से वहां पहुंचे और थाने के गेट के सामने ही रवि पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दो गोलियां रवि को लगीं, जबकि उसके साथी बाल-बाल बच गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में रवि को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मौके पर कुछ पुलिसकर्मी भी मौजूद थे लेकिन हत्यारे रवि की हत्या कर वहां से फरार हो गए। घटना से गुस्साए परिजनों ने आज सुबह थाने के गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया।

घटना के बाद मृतक रवि के परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिवार के आंसू नहीं रुक रहे हैं। परिजन डर और दहशत के माहौल में हैं। मामले में परिवार से मिलने पहुंचे सपा नेता और साहिबाबाद क्षेत्र से पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि गाजियाबाद में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे पुलिस की आंखों में आंखें डालकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पहले फायरिंग, फिर थाने के बाहर हत्या, यह पुलिस की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों पर तुरंत अंकुश लगाना होगा।

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अजय चौधरी और रवि शर्मा एक ही गांव के निवासी हैं। अजय को छह महीने पहले एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में मुरादनगर पुलिस ने जेल भेजा था। वह महज 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक, गांव में हुए ताजा विवाद के बाद अजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर रवि के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की। पहले गांव में मारपीट और फायरिंग की गई, फिर थाने के गेट पर रवि की हत्या कर दी गई।

**तेजी से बढ़ रहा है...**

सेक्टर-11 झुंडपुरा में राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना के अभिनंदन समारोह के दौरान डॉक्टर नरेंद्र तंवर को यह मनोनयन पत्र मनोज चौधरी जिला अध्यक्ष जर्नादन भाटी तथा विजेंद्र नागर ने सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के सैकड़ो कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर रालोद के वरिष्ठ नेता मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का परिवार बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय लोक दल के राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना ने भी डॉक्टर नरेंद्र को महानगर महामंत्री बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

**मोबाइल टॉवर से...**

साइट पर सेक्टर डाउन है। सूचना मिलने पर वह साइट पर पहुंचा जांच के दौरान पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने टावर से आरआरयू चोरी कर लिया है। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

बता दें कि शहर में जगह-जगह लगे मोबाइल टॉवर चोरों के निशाने पर हैं। आए दिन इन टावरों से आरआरयू व अन्य कीमती उपकरण चोरी होने की घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं। पूर्व में पुलिस मोबाइल टावर से चोरी करने वाले गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार का जेल भेज चुकी है। बावजूद उसके चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

**जमीन बेचने के नाम...**

एवं भाई राजवीर यादव व रोहित कुमार के खातों में ट्रांसफर करवाई। सुमन सिंह का कहना है कि पैसे देने के बाद उसने जब राजनाथ यादव से जमीन का बैनामा अपने पक्ष में करने के लिए कहा तो वह उसे बहकाता रहा। काफी समय बीतने के बाद जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने राजनाथ यादव से बैनामा करने अथवा पैसे वापस दिए जाने की मांग की। जुलाई 2023 में राजनाथ यादव रातों-रात ग्रेटर नोएडा छोड़कर अपने मूल गांव पैसई आगरा भाग गया। उन्होंने जब राजनाथ यादव से फोन पर संपर्क किया तो उसने एक बार फिर जल्द ही उनकी धनराशि लौटने का आश्वासन दिया।

सुमन यादव के मुताबिक कई बार वह राजनाथ यादव के पैतृक गांव भी पहुंची लेकिन उसने पैसे वापस नहीं लौटाए। 15 फरवरी 2025 को राजनाथ यादव ने फोन कर मिलने को कहा। शाम के समय जब वह मंदिर से घर वापस लौट रही थी तो राजनाथ यादव व उसके तीन-चार साथियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौच करने लगे। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। मौके पर लोगों को इकट्ठा होता देखकर आरोपी उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए फरार हो गए। उसने इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद उसने न्यायालय में याचिका दायर कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर चारों आरोपियों के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2025-105-106**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग /पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्या:-** NER-LJN-2025-105, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ-मंडल के 10 याडों में समइं/लाईन/लजं० के सेक्शन के अंतर्गत स्टेशन यार्ड का सुधार (जरवल रोड, बादशाहनगर, बुढ़वल, गोमतीनगर, जंहागीराबाद राज, ऐशबाग, बक्शी का तालाब, डालीगंज, लखनऊ सीटी और मोहिबुल्लापुर) (केवल ट्रैक कार्य), **अनुमानित लागत (रु):-** 77084330.26, **अग्रिम धन (रु):-** 535400.00, **समापन अवधि:-** 18 माह, **ई निविदा संख्या:-** NER-LJN-2025-106, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ-गंडल के 02 यार्ड में समइं/ विशेष/गोण्डा सेक्शन के अंतर्गत स्टेशन यार्ड का सुधार। (गोण्डा कचहरी और बरूआचक) (केवल ट्रैक कार्य), **अनुमानित लागत (रु):-** 31823012.58, **अग्रिम धन (रु):-** 309100.00, **समापन अवधि:-** 12 माह, **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-105-106 तक के लिये ई-निविदा दिनांक 08.07.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियग एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू-122 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 08.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

**क्रम सं.:** ए **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में कॉलेज लेन और तिलक ब्रिज पर टाइप I, II, V फ्लैटों और सर्विस बिल्डिंग की वार्षिक सामान्य मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग कार्य हेतु। **अनुमानित लागत:** रुपये 16999995.35 **धरोहर राशि:** 235000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** बी **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/एच एन जेड ऍम के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग ऑफ सरोजिनी नगर, सेवा नगर, लाजपत नगर, गुलाबी नगर, एच एन जेड ऍम, जंगपुरा और ओखला, एवं कॉलोनीज में वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 11999996.98 **धरोहर राशि:** 210000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** सी **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र मे एनुअल जनरल वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 14999991.80 **धरोहर राशि:** 225000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** डी **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशनगंज-II के कार्य क्षेत्र मे एनुअल जनरल रिपेयर और वाइट वॉशिंग ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 8999984.15 **धरोहर राशि:** 180000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** इ **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/दिल्ली किशनगंज-I के कार्य क्षेत्र लोको कॉलोनी/डी.ई.ई में एनुअल जनरल रिपेयर और वाइट वाशिंग ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिल्डिंग मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 9999996.97 **धरोहर राशि:** 200000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** एफ **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र मे एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग में 2025-26 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 14999997.58 **धरोहर राशि:** 225000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** जी **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/तिस हजारी के कार्य क्षेत्र में एनुअल जनरल रिपेयर ऑफ स्टाफ क्वार्टर, बंगले एवं सर्विस बिलिडिंग मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 11999986.38 **धरोहर राशि:** 210000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** एच **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/एस.पी मार्ग के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग ऑफ रेलवे ऑफिसर्स एन्क्लेव सरदार पटेल मार्ग, एवं बराड़ स्क्वायर मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 12999983.33 **धरोहर राशि:** 215000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** आई **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/एस.ऍम.मार्ग के कार्य क्षेत्र मे एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग एट एस ऍम मार्ग, मोती बाग, एन आर ऍम, इको पार्क एवं अन्य ऑफिसेस और कॉलोनीज में वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 9999993.00 **धरोहर राशि:** 200000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** जे **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/एम.एन.टी.बी. के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग ऑफ एम.एन.टी.बी., थॉमसन रोड, ऍम.एस प्लेस, सेंट्रल प्लेस, बाबर रोड एवं अन्य कॉलोनीज में वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 10178371.28 **धरोहर राशि:** 200900.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** के **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग एट पी के रोड एवं अन्य ऑफिसेस मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 9999996.28 **धरोहर राशि:** 200000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** ऐल **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क ऑफ स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिलिडिंग एट बसंत लेन, नर्सेज हॉस्टल, अजमेरी गेट साइड रेलवे कॉलोनी एवं अन्य ऑफिसेस और कॉलोनीज मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 9999984.02 **धरोहर राशि:** 200000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** एम **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र मे स्टाफ क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग सहित ऑफिस, कॉलोनीज में वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 12499999.40 **धरोहर राशि:** 212500.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** ऍन **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/एच एन जेड ऍम के कार्य क्षेत्र में एनुअल जोन वर्क सर्विस बिल्डिंग सहित चाणक्य रेल एन्क्लेव में टाइप-V, टाइप-VI फ्लैट्स और मे वार्षिक सामान्य मरम्मत 30-06-2026 तक की समय अवधि के लिए। **अनुमानित लागत:** रुपये 10999991.55 **धरोहर राशि:** 205000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं.:** औ **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में आनंद विहार रेलवे कॉलोनी में टाइप I, II, IV, VI फ्लैटों की वार्षिक सामान्य मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग कार्य हेतु। **अनुमानित लागत:** रुपये 12999993.39 **धरोहर राशि:** 215000.00 **समापन अवधि:** 12 महीने

1. निविदा दिनांक 08.07.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं एवं तत्काल खोली जाएगी। **पत्र संख्या:-128-डब्ल्यू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं. 12 (ए. बी. सी. डी. इ. ऍफ. जी एच. आई. जे. के. ऐल. ऍम. ऍन. औ) दिनांक 17.06.2025** 1811/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खास खबर

### देश के 73 प्रतिशत एटीएम में मिलेंगे 100 या 200 के नोट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में कुछ दिनों पहले देश के सभी बैंकों को निर्देश दिए थे कि वह अपने एटीएम में 100 और 200 रुपये के नोट लोगों को जरूर उपलब्ध कराएं, जिससे लोगों को नोट निकालने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। आरबीआई ने इस काम को करने के लिए बैंकों को 30 सितंबर 2025 तक की समयसीमा दी थी लेकिन आरबीआई के इस निर्देश का असर अभी से दिखने लगा है। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार देश के लगभग 73 प्रतिशत एटीएम ऐसे हो चुके हैं, जिनमें कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 रुपये के नोट मिल रहे हैं। दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था, जो आरबीआई के आदेश के बाद बढ़ गया है।

### जापान के निर्यात में मई महीने में 1.7 फीसदी की गिरावट

**तोक्यो।** जापान के निर्यात में मई महीने में गिरावट आई है। अमेरिका को मोटर वाहनों के निर्यात में सालाना आधार पर करीब 25 प्रतिशत की भारी गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि निर्यात में सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई जो विश्लेषकों द्वारा पूर्वानुमानित गिरावट से कम है। आयात में 7.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कमजोर घरेलू मांग को दशार्ता है। यह अप्रैल में दर्ज दो प्रतिशत की गिरावट से भी बदतर है। वहीं व्यापार घाटा मई में 637.6 अरब येन या 4.4 अरब डॉलर रहा। जापान अभी तक शुल्क मुद्दे को सुलझाने के लिए अमेरिका के साथ किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है। प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने इस सप्ताह की शुरूआत में कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के बाद कहा था कि दोनों पक्ष कुछ बिंदुओं पर सहमत नहीं हो पाए हैं। अमेरिका ने जापान के मोटर वाहनों व उसके घटकों के निर्यात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क और अन्य वस्तुओं पर 24 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### मेकमाईट्रिप शेयर और परिवर्तनीय बॉण्ड की बिक्री से जुटाएगी 2.5 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप का कहना है कि वह शेयर और परिवर्तनीय बॉण्ड की बिक्री के जरिये 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की पूंजी जुटाने पर विचार कर रही है। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक को दी गई सूचना के अनुसार इस जुटाई गई राशि का उददेश्य कंपनी में चीन स्थित ट्रिप डॉट कॉम समूह की हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से कम करना है। नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने पेशकश से हासिल की गई आय के साथ-साथ परिवर्तनीय बॉण्ड की पेशकश से मिली राशि का इस्तेमाल ट्रिप.कॉम द्वारा पहले अधिग्रहित अपने ह्लक्लास बीह्व शेयर के एक हिस्से को पुनर्खरीद करने के लिए करने की योजना बनाई है। सामान्यतः क्लास बी शेयर में सामान्य शेयरों के समान ही अधिकार एवं प्राथमिकताएं होती हैं, सिवाय इसके कि इस श्रेणी के शेयर को नियंत्रित करने वाली निर्गम शर्तों को विशेष रूप से निर्धारित किया गया हो।

### सरकार आयकर विधेयक के प्रावधान में कर सकती है बदलाव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार आयकर विधेयक, 2025 के उस प्रावधान में कुछ जरूरी बदलाव करने पर विचार कर सकती है जिसके तहत गैर-कॉरपोरेट करदाताओं के लिए न्यूनतम वैकल्पिक कर (एएमटी) का दायरा बढ़ा दिया गया था। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस श्रेणी में पार्टनरशिप फर्म और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) फर्म जैसी करदाता आती हैं जो केवल दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कमाती हैं। विधेयक में ऐसे गैर-कॉरपोरेट करदाताओं के लिए अध्याय 6-ए के तहत कटौती का संदर्भ हटा दिया था। ऐसे में लग रहा था कि किसी भी कर लाभ का का दावा न करने वाले करदाताओं को भी वैकल्पिक न्यूनतम कर देना पड़ सकता है। गैर-कॉरपोरेट करदाताओं से उपकर और अधिभार के अलावा 18.5 फीसदी न्यूनतम वैकल्पिक कर लिया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उच्च आय वाले लोग कर में छूट का लाभ उठाते हुए अपनी कर देनदारियों से नहीं बच पाएं।

---

बैंक में जमा पर मिलने वाले इंश्योरेंस कवर को बढ़ा सकता है केंद्र

# बीमा सीमा बढ़ने से बैंकिंग सिस्टम पर बढ़ेगा भरोसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बैंक जमा पर मिलने वाले इंश्योरेंस कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है। बैंक डिपॉजिट पर पांच लाख रुपए तक का ही बीमा होता है, लेकिन वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस सीमा को जल्द बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन के तहत किसी भी बैंक के बंद होने या दिवालिया होने की स्थिति में जमाकर्ताओं को अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा कवर मिलता है। यह बीमा राशि एक व्यक्ति के सभी खातों पर कुल मिलाकर दी जाती है यानी यदि किसी व्यक्ति का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक बंद हो जाता है, तो उसे सिर्फ 5 लाख रुपये ही वापस मिलेंगे। यह बीमा कवर सीधे जमाकर्ता से प्रीमियम नहीं लेता, बल्कि बैंक ही इसका प्रीमियम चुकाते हैं। यह बीमा सिर्फ उन्हीं हालातों में लागू होता है जब बैंक पर मोरेटोरियम लग जाए या वह पूरी तरह से बंद कर दिया जाए। हाल ही में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में सामने आई अनियमितताओं के बाद एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में है। इससे पहले भी पीएमसी बैंक, यस बैंक, और लक्ष्मी विलास बैंक जैसी संस्थाओं में वित्तीय संकट के चलते ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं के मद्देनजर, सरकार का मानना है कि बीमा सीमा बढ़ाने से लोगों




का बैंकिंग सिस्टम पर भरोसा बढ़ेगा। साथ ही वे गारंटी की रकम तक पैसा जमा करने में संकोच नहीं करेंगे। इससे बचत में बढ़ोतरी होगी और बैंक ज्यादा कर्ज देने की स्थिति में होंगे। अगर कोई बैंक दिवालिया घोषित होता है या उस पर मोरेटोरियम लगाया जाता है, तो डीआईसीजीसी के नियमों के मुताबिक जमाकर्ताओं को 90 दिनों के भीतर बीमा राशि प्रदान की जाती है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों के भीतर खाताधारकों का विवरण डीआईसीजीसी को भेजना होता है और इसके बाद अगला 45 दिनों में राशि खाताधारकों को दी जाती है।

भारत में काम कर रहे बैंक जैसे कि राष्ट्रीयकृत बैंक, निजी बैंक, विदेशी बैंकों की भारतीय शाखाएं।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, आदि डीआईसीजीसी के दायरे में आते हैं। डीआईसीजीसी के नियम के मुताबिक जो भी बैंक इसके अंतर्गत रजिस्टर्ड होता है, उसे ग्राहकों को सूचित करने के लिए एक प्रिंटेड सूचना पर्चा उपलब्ध कराया जाता है। ग्राहक चाहें तो बैंक की शाखा से इस संबंध में जानकारी ले सकते हैं। डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) भारतीय रिजर्व बैंक की स्वामित्व वाली एक संस्था है, जो देश के बैंक डिपॉजिट्स पर एक तय सीमा तक बीमा कवर देती है। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में लोगों का विश्वास बनाए रखना और संकट की स्थिति में जमाकताओं को न्यूनतम वित्तीय सुरक्षा देना है। सरकार यदि बीमा कवर बढ़ाने का फैसला लेती है, तो यह आम जमाकर्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 45 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.49 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और मजबूत डॉलर के दबाव को दरकिनार करते हुए रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में 11 पैसे की बढ़त के साथ 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.96 पर खुला। फिर 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की बढ़त दिखाता है।रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 98.16 पर रहा।

## भारत की स्थिति वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बेहतरः सीईए

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के स्थिर आर्थिक प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक बेहतर स्थिति में बना हुआ है। सीईए ने कहा कि कहा कि 2022 से संघर्ष एवं व्यवधान वैश्विक परिदृश्य का हिस्सा रहे हैं लेकिन वे अब अधिक अप्रत्याशित हो गए हैं। इससे समग्र परिवेश चाहे राजनीतिक, आर्थिक या सुरक्षा से संबंधित हो दुनिया भर में वृद्धि के लिए कहीं अधिक चुनौतियां पेश कर रहे हैं। नागेश्वरन ने पश्चिम एशिया में यूक्रेन-रूस, भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्षों और शुल्क युद्धों के कारण बढ़ती



वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे किए गए सवाल पर कहा कि आप कह सकते हैं कि सकारात्मक संभावनाओं पर कहीं न कहीं ये स्थितियां हावी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, यह कई देशों को प्रभावित कर रही हैं। सीईए ने कहा कि कुछ हद तक यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में वैश्विक परिवेश चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सुरक्षा से संबंधित हो, वृद्धि के लिए काफी जटिल और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया हैह्व न केवल भारत के लिए बल्कि कई देशों के लिए लगभग पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए। नागेश्वरन ने कहा कि लेकिन उनका मानना है कि इन परिस्थितियों में भी भारत वास्तव में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। सीईए ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में भारत की 6.5 प्रतिशत की मौजूदा वृद्धि दर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 2008 के वित्तीय संकट के बाद से वैश्विक माहौल कितना कठिन हो गया है, इसे देखते हुए इस दर को बनाए रखना कोई मामूली बात नहीं है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। आज सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक करीब (0.17 फीसदी) टूटकर 81,444.66 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 41.35 अंक तकरीबन (0.17फीसदी) नीचे आकर 24,812.05 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 10 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ही बंद हुए,




जबकि शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी की केवल 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 36 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 4.44 फीसदी ऊपर आये जबकि टीसीएस के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.79 फीसदी गिरे।

सेंसेक्स की कंपनियों में आज टाइटन के शेयर 1.99 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.12 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.63 फीसदी, एटरनल 0.47 फीसदी, भारती एयरटेल 0.47 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.35 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.29 फीसदी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.22 फीसदी की बढ़कर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अडाणी पोर्ट्स के शेयर 1.55 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.35 फीसदी, नेस्ले इंडिया 1.25 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.16 फीसदी, एनटीपीसी 0.85 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.73 फीसदी, एचसीएल टेक 0.64 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो 0.64 फीसदी, इंफोसिस 0.45 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.44फीसदी, टाटा स्टील 0.36 फीसदी, पावरग्रिड 0.33 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.33 फीसदी, आईटीसी 0.32 फीसदी, सनफार्मा 0.17 फीसदी, रिलायंस 0.10फीसदी, एसबीआई 0.06फीसदी गिरावट पर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला पर शुरूआती कारोबार में ऑटो, आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी के चलते जल्द ही हरे निशान में आ गया।

## फिल्मों के गाने सुनकर ही संगीत को करियर बनाया विशाल मिश्रा ने : मोहित सूरी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' अब तक के सबसे खूबसूरत म्यूजिक एलबम्स में से एक साबित हो रही है। टाइटल ट्रैक 'सैयारा' और जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया रोमांटिक गाना 'बर्बाद' के बाद अब फिल्म का तीसरा गाना 'तुम हो तो' रिलीज कर दिया गया है, जिसे इस समय देश के सबसे चर्चित युवा गायक विशाल मिश्रा ने गाया है। मोहित सूरी ने खुलासा किया कि वे विशाल मिश्रा को 12 सालों से जानते हैं और जब उन्होंने सुना कि विशाल ने अपने कॉलेज के ब्रेकअप के समय मोहित के गानों को सुनकर संगीत को करियर बनाने का फैसला किया था, तो वो बेहद भावुक हो गए। मोहित कहते हैं, विशाल 12 साल पहले मुझसे मिलने आया था। तभी से हमने तय किया था कि एक दिन साथ में कुछ खास बनाएँगे। मुझे गर्व है कि यह मौका 'सैयारा' में मिला। जब विशाल ने कहा कि मेरे गानों ने उसे म्यूजिक को करियर चुनने की प्रेरणा दी, तो दिल भर आया। वे आगे कहते हैं, जब आपको पता चलता है कि आपका काम किसी की ज़िंदगी को दिशा दे रहा है, तो वह बेहद खास एहसास होता है।

## टिकटॉक अमेरिका में बंद नहीं होगा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** टिकटॉक को अमेरिका में अपने कारोबार को बेचने के लिए 90 दिन की अतिरिक्त मोहलत देने पर विचार किया गया है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप नहीं चाहते कि टिकटॉक बंद हो। उन्होंने कहा कि यह विस्तार 90 दिनों का होगा, जिसके दौरान प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा रहेगा कि यह डील पूरी हो जाए, ताकि अमेरिकी नागरिक टिकटॉक का इस्तेमाल जारी रख सकें और उनका डेटा सुरक्षित बना रहे, जैसा कि पोलिटिको की रिपोर्ट में बताया गया है। कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद वॉशिंगटन लौटते समय, ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उन्होंने टिकटॉक पर बैन की डेडलाइन आगे बढ़ा दी है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग आखिरकार अमेरिका में टिकटॉक का बिजनेस बेचने को मंजूरी दे देंगे। यह तीसरी बार है जब टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को लागू करने की तारीख को टाला गया है। 2024 में बना यह कानून पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में पास हुआ था। पहली बार यह रोक तब लगी जब ट्रंप ने 20 जनवरी को दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली और उसी दिन एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत किए। उस समय कांग्रेस और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद टिकटॉक पर अस्थायी तौर पर अमेरिका में पाबंदी लागू कर दी गई थी। दूसरी बार अप्रैल में डेडलाइन बढ़ाई गई, जब ट्रंप ने एक नया आदेश जारी कर 75 दिन की और मोहलत दी। उस समय टिकटॉक को अमेरिकी कंपनियों को बेचने की बातचीत टल गई थी।

## डीएलएफ ने गुरुग्राम में 11,000 करोड़ में 1,164 लग्जरी अपार्टमेंट बेचे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम में 1,164 लक्जरी अपार्टमेंट करीब 11,000 करोड़ रुपये में बेच दिए हैं। डीएलएफ ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में अपनी नवीनतम लक्जरी पेशकश डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ को बेचने की घोषणा की। यह बिक्री परियोजना शुरू होने के केवल एक सप्ताह के भीतर करीब 11,000 करोड़ रुपये में की गई। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 76 व 77 में 116 एकड़ की एकीकृत टाउनशिप डीएलएफ प्रिवाना का हिस्सा है डीएलएफ होम डेवलपर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह डीएलएफ के व्यापक स्तर के आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को बताता है। उन्होंने कहा कि मजबूत बिक्री प्रतिक्रिया डीएलएफ की पेशकशों के लिए स्पष्ट मांग को दशार्ती है जो हमारी पिछली परियोजनाओं की सफलता से प्रेरित है। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि डीएलएफ गुरुग्राम में इस नई लक्जरी आवास परियोजना के विकास के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

## पूर्वी भारत में विस्तार करेगी मनिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस




एजेंसी

**रांची।** स्वास्थ्य बीमा कंपनी मनिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को तेजी से बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी आने वाले महीनों में अपनी शाखाओं और सलाहकारों की संख्या दोगुनी करने जा रही है। फिलहाल कंपनी 42 शहरों में 10,000 से अधिक सलाहकारों के साथ सक्रिय है। जल्द यह आंकड़ा 20,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने पूर्वी भारत में 130 करोड़ रुपए से अधिक का प्रीमियम जुटाया है, जिसमें अकेले पश्चिम बंगाल का योगदान 55 करोड़ रुपए रहा। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के मुताबिक, मई 2025 में स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों में 10 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई, वहीं मनिपालसिग्ना ने 43 फीसदी की जबरदस्त ग्रोथ हासिल की।कंपनी की मुख्य विपणन अधिकारी सपना देसाई ने कहा, 'अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में स्वास्थ्य बीमा की बड़ी संभावनाएं हैं। सर्वाः योजना कोलकाता में नए कारोबार में 50 फीसदी हिस्सेदारी दे रही है।' मनिपालसिग्ना ने पिछले तीन वर्षों में पूर्वी भारत में 200 करोड़ रुपए दावों का भुगतान किया है। कंपनी अब असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, त्रिपुरा सहित 10 राज्यों में अपने भौतिक शाखा नेटवर्क, एजेंट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए स्वास्थ्य सेवाएं और बीमा कवर की पहुंच बढ़ा रही है।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में

**मुंबई।** शुरूआती कारोबार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में कारोबार करता दिखा। मौजूदा जोखिम-रहित भावनाओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने स्थानीय इकाई पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में घरेलू इकाई में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह डॉलर के मुकाबले 86.42 पर खुला, फिर शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 86.25 के शुरूआती उच्च स्तर को छू गया। मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे गिरकर 86.34 पर बंद हुआ था।

## सोने की चमक फीकी पड़ी, चांदी नई ऊंचाई पर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद अब सोने के भाव नरम पड़ गए हैं। लेकिन चांदी नए रिकॉर्ड बना रही है। बुधवार को भी इसके वायदा भाव सार्वजनिक उच्च स्तर पर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 99,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,09,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव गिरावट, जबकि चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और इसके भाव 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव की शुरूआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 169 रुपये की गिरावट के साथ 99,372 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 99,541 रुपये था। इस समय यह 164 रुपये की गिरावट के साथ 99,377 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 357 रुपये की तेजी के साथ 1,09,352 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,995 रुपये था। इस समय यह 501 रुपये की तेजी के साथ 1,09,496 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में मंगलवार को सोने के वायदा में नरमी और चांदी के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,409 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,406.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.60 डॉलर की गिरावट के साथ 3,401.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.20 डॉलर के भाव पर खुले।

## मारुति डिजायर को एनसीएपी क्रैश टेस्ट में मिली 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में मारुति सुजुकी की पॉपुलर सेडान कार डिजायर को 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। यह उपलब्धि मेड इन इंडिया वाहनों की गुणवत्ता और सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह रेटिंग वयस्क और बच्चों की सुरक्षा, दोनों श्रेणियों में दी गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस उपलब्धि पर कंपनी को बधाई देते हुए इसे भारत की वाहन सुरक्षा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। डिजायर का यह नया संस्करण पिछले साल लॉन्च हुआ था, जिसमें 6 एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, रियर पार्किंग सेंसर्स



और हाई-स्ट्रेंथ बॉडी स्ट्रक्चर जैसे सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा स्पीड अलर्ट सिस्टम, इसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंट्स और रिवर्स पार्किंग सेंसर भी कार की सेफ्टी को बेहतर बनाते हैं। ये सारे फीचर्स डिजायर को एक भरोसेमंद और सुरक्षित पारिवारिक वाहन बनाते हैं। भारत एनसीएपी को 2023 में शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य देश में बिकने वाले वाहनों की सुरक्षा मानकों की जांच करना है। इससे ग्राहकों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है और कंपनियों पर बेहतर फीचर्स लाने का दबाव बना है। यह उपलब्धि न केवल मारुति के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह दशार्ती है कि भारतीय कारें भी अब ग्लोबल सेफ्टी स्टैंडर्ड्स पर खरी उतर रही हैं। मारुति डिजायर की यह उपलब्धि भारतीय ऑटो सेक्टर के लिए एक नई दिशा तय करती है, जिसमें सुरक्षा अब प्राथमिकता बन चुकी है।

### एसयूवी वेन्यू का नेक्स्ट जनरेशन मॉडल जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में हुंडई मोटर इंडिया जल्द ही अपनी पॉपुलर एसयूवी वेन्यू का नेक्स्ट जनरेशन मॉडल लॉन्च करने वाली है। नई वेन्यू की टेस्टिंग भारत और विदेशों में जोरों से चल रही है, और अब इसके प्रोटोटाइप रेंडर्स भी सामने आ चुके हैं, जिनसे इसके डिजाइन का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी में से एक है और इसे त्योहारों के मौसम में लॉन्च किए जाने की संभावना है। नई वेन्यू में डिजाइन के स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके एक्सटीरियर को हुंडई की नई डिजाइन भाषा के तहत अपडेट किया गया है। एसयूवी के फ्रंट में वर्टिकली स्टैकड हेडलैम्प्स, सी-शेप्ड कनेक्टेड एलईडी डीआरएलएस और नया ग्रिल दिया जाएगा।

## स्कोडा के लिए होगा अब तक का सबसे बड़ा साल : आशीष गुप्ता

एजेंसी

**जमशेदपुर।** साल 2025 दुनियाभर में स्कोडा ऑटो के लिए खास मायने रखता है। जहाँ कंपनी अपने समृद्ध 130 साल के इतिहास का जश्न मना रही है, वहीं भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो चुके हैं। ग्राहकों के और करीब पहुँचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम्-ब्रांड, प्रोडक्ट, नेटवर्क और ग्राहक केन्द्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है। इस मौके पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा, यूरोप के बाहर भारत



स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम्-ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है, जिसमें उद्देश्य की स्पष्टता, सोच में पारदर्शिता और काम को तेजी से अंजाम देने की क्षमता हो।

## खास खबर

### रोहित की पत्नी ने फोटोग्राफर को लगायी फटकार

**मुम्बई ।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का स्टार होना उनके परिवार के लिए कभी-कभी कभी परेशानी का कारण भी बन जाता है। रोहित जहां भी जाते हैं प्रशंसक उनके पीछे लग जाते हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह हाल में इसी कारण तब बेहद गुस्से में आ गयीं जब एक फोटोग्राफर पीछा करते-करते उनके घर तक पहुंच गया। इसका एक वीडियों भी. सोशल मीडिया पर आया है। इसमें रोहित शर्मा की पत्नी ऐसे ही एक फोटोग्राफर पर भड़क गयीं। रितिका की तस्वीर निकालते निकालते ये फोटोग्राफर उनके घर तक पहुंच गया था। जब वो इमारत के अंदर जा रही थी तभी से वह लगातार तस्वीरें खींच रहा था। इस बात पर रितिका ने नाराजगी जताते हुए पूछ लिया क्या कर रहे है। क्या हो रहा है ये क्यों खींच करे हो फोटो। आप अंदर कहां घुसे चले आ रहे हैं। इसके बाद ही वह व्यक्ति पीछे हटा। गौरतलब है कि सेलिब्रिटीज की तस्वीरें खींचने वाले स्वतंत्र फोटोग्राफर कहीं भी पहुंच जाते हैं। फिर चाहे जगह कोई भी हो। ये फोटाग्राफर विशेष रुप से फिल्म स्टारों का पीछा करते हुए एयरपोर्ट, फिल्म के सेट, से लेकर घर तक पहुंच जाते हैं।

### कोहली से लंदन वाले घर में मिले शुभमन

**लंदन ।** इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से लीड्स में शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम यहां पहुंच गयी है। इससे पहले भारतीय टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत सहित कुछ खिलाड़ी पूर्व कप्तान विराट कोहली से मिलने उनके घर गये। विराट कोहली ने आईपीएल के दौरान ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनका लंदन में भी एक घर है और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों को मिलने के लिए घर पर बुलाया था। केंट में इंट्रा-स्क्वाड मैच के समापन के बाद सोमवार को भारतीय खिलाड़ी को आराम का दिन मिला था जिसमें वह कोहली से मिलने के लिए पहुंचे हालांकि ये पता नहीं चला है कि ये बैठक किस बारे में थी पर इसमें सीरीज के बारे में बातें न हों ये संभव नहीं है। मीटिंग करीब दो घंटे तक चली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी पहले टेस्ट के लिए टीम से जुड़ने की उम्मीद है। गंभीर को अपनी मां की बिमारी के कारण अचानक ही स्वदेश लौटना पड़ा था।

### राहुल करें पारी की शुरूआत : रवि शास्त्री

**लीड्स ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि 20 जून से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू कर रहे युवा साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारना चाहिए। वहीं बल्लेबाजकरुण नायर को पांचवें नंबर पर भेजना चाहिये। शास्त्री ने कहा, पिछली बार इंग्लैंड दौरे में शतक लगाने वाले के एल राहुल को पारी शुरु करने भेजा जाये। शास्त्री ने कहा, तीसरे नंबर पर मैं युवा खिलाड़ी सुदर्शन को इसलिए चाहता हूं क्योंकि उनकी तकनीक अच्छी है और इस नंबर पर उतरने से उनको अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। सुदर्शन पिछले काफी समय से अच्छे फॉर्म में हैं। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद एक ही आईपीएल सत्र में 700 रन बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

# नेपाल ने स्कॉटलैंड को दो विकेट से हराया

- संदीप लामिछाने ने की घातक गेंदबाजी
- नेपाल ने त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी पहली जीत दर्ज की



एजेंसी

**ग्लास्गो।** तीन सुपर ओवर वाले ऐतिहासिक मुकाबले में नीदरलैंड्स से हार का सामना करने के बाद नेपाल ने जोरदार वापसी की और स्कॉटलैंड को एक लो-स्कोरिंग थ्रिलर में दो विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ नेपाल ने त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी पहली जीत दर्ज की और स्कॉटलैंड को पहला झटका दिया। स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में सिर्फ 97 रन बनाए, जो उनके घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है। नेपाल की ओर से स्पिनर संदीप लामिछाने ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने स्कॉटलैंड की पारी के अंतिम पांच में से चार विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज करण केसी (2/20) और दीपेंद्र सिंह ऐरी (1/12) ने भी अहम योगदान दिया। स्कॉटलैंड की ओर से सिर्फ माइकल लिस्क (46 रन, 46 गेंद) और कप्तान मैथ्यू क्रॉस ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। जवाब में नेपाल की शुरूआत भी खराब रही। 24 रन पर दो विकेट गिरने के बाद कप्तान रोहित पौडेल भी 7 रन बनाकर चलते बने और स्कोर 38/3 हो गया। हालांकि, कुशल भुर्तेल (30 रन, 35 गेंद) ने पारी को कुछ समय तक संभाला। मध्यक्रम में एक के बाद एक विकेट गिरते रहे और जब रूपेश सिंह 4 रन बनाकर आउट हुए, तब नेपाल को 12 गेंदों में 10 रन की जरूरत थी। अंत में जीत के लिए 6 गेंदों में 4 रन चाहिए थे और तीन विकेट बाकी थे। किरण थगुन्ना ने तीन सिंगल लेकर स्कोर बराबर किया लेकिन वह 10 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर संदीप लामिछाने ने विजयी रन लेकर मुकाबला समाप्त किया।

## भारत की टेस्ट टीम में हर्षित राणा बतौर बैकअप शामिल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में बैकअप खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है। वह मुख्य टीम के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार देर रात उक्त जानकारी दी। 23 वर्षीय राणा ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए घोषित 18 सदस्यीय मूल टीम में उनका नाम नहीं था। हालांकि, वह इंडिया ए टीम का हिस्सा थे और कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में खेले थे।हर्षित राणा अब तक दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल चुके हैं। टीम के अन्य सदस्यों के साथ वह लंदन से ट्रेन के जरिए लीड्स पहुंचे, जहां उन्हें टीम के साथ देखा गया।वहीं केएल राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शार्दुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी पहले से ही इंडिया ए टीम के साथ यूके में मौजूद थे और उन्हें वहां मैच अभ्यास का अच्छा मौका मिला। भारत ने इंग्लैंड दौरे की तैयारी के तहत बेकनहम में इंडिया ए के खिलाफ एकमात्र अभ्यास मैच खेला था।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी रवाना

- पहला मुकाबला 21 को मेजबान जर्मनी से होगा




एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम आज सुबह जर्मनी के बर्लिन के लिए रवाना हो गई, जहां वह 21 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले 4 देशों के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूनामेंट में भाग लेगी। टीम की कमान कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल के हाथों में है, जो टूनामेंट के पहले पूल मैच में 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 22 जून को ऑस्ट्रेलिया और 24 जून को स्पेन से होगा। पूल चरण के बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी, जबकि निचली दो टीमें तीसरे स्थान के लिए 25 जून को मुकाबला करेंगी। सभी मैच टीसी 1899 ब्लाउ वीस, बर्लिन में खेले जाएंगे। कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल ने टूनामेंट को लेकर कहा, यह टूनामेंट हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप 2025 अब ज्यादा दूर नहीं है। यह हमारे लिए अपनी रणनीतियों को परखने, नए संयोजन आजमाने और कमजोरियों को पहचानने का बेहतरीन मौका होगा। यहां हमें दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा। उपकप्तान आमिर अली ने भी टूनामेंट को अहम बताते हुए कहा, र्हमारी कोशिश है कि वर्ल्ड कप से पहले हर छोटी-बड़ी कमी को दूर किया जाए। यह टूनामेंट सिर्फ टीम के लिए ही नहीं, बल्कि हर खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से भी खुद को आंकने और सुधारने का मौका है।गौरतलब है कि एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। ऐसे में भारतीय जूनियर टीम के लिए यह टूनामेंट वर्ल्ड कप की तैयारियों का एक अहम पड़ाव साबित होगा।

# लोकल ट्रेन से लीड्स पहुंची भारतीय टीम



एजेंसी

**लंदन ।** भारतीय क्रिकेट टीम पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए लीड्स पहुंच गई है। यहां भारतीय टीम शुक्रवार से पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने उतरेगी। इसमें सबसे अलग बात ये रही कि इस बार टीम किसी बस या विमान से नहीं बल्कि लोकल ट्रेन से लीड्स पहुंची। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया का एक विशेष वीडियो आया है। इसमें कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, उप कप्तान ऋषभ पंत, प्रसिद्ध कृष्णा, केएल राहुल, करुण नायर, अर्शदीप सिंह और फील्डिंग कोच टी. दिलीप सहित सहयोगी स्टाफ के सदस्यों का रेलवे स्टेशन से बाहर आते देखा गया।प्रशंसक टीम और कोचिंग स्टाफ को रेलवे स्टेशन से बाहर आते देख हैरान हो गये। भारतीय टीम अभ्यास मैच के बाद यहां पहुंची है। भारतीय टीम इस मैच में जीतकर सीरीज की बेहतर शुरूआत करना चाहती है। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे। इस सीरीज में भारतीय टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। ऐसे में इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों के पास अपने को साबित करने का अवसर रहेगा। इससे टीम का एक नया युग शुरू होगा।

## म्हाम्ब्रे ने बताया विराट और रोहित के संन्यास का कारण



एजेंसी

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेट से कोच बने पारस म्हाम्ब्रे ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर अच्छा ही किया। म्हाम्ब्रे के अनुसार विराट को पता चल गया था कि अब उनका करियर अधिक लंबा नहीं है और वह शीर्ष स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पायेंगे। म्हाम्ब्रे के अनुसार रोहित शर्मा भी इसी प्रकार के हालातों से गुजर रहे थे। ऐसे में उन्होंने भी संन्यास लेन बेहतर समझा था। म्हाम्ब्रे के अनुसर कोहली और रोहित दोनों को यह एहसास हो गया था कि वे सबसे लंबे प्रारुप में संघर्ष कर रहे थे। इससे साफ था कि उनके पास अब ज्यादा समय नहीं बचा था। कोहली का टेस्ट औसत पिछले कुछ साल में नीचे आकर 50 से कम हो गया था और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों के खिलाफ वह सहज नहीं थे। वहीं दूसरी ओर रोहित भी खराब दौर से गुजर रहे थे। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें टेस्ट से स्वयं बाहर हो गये थे। म्हाम्ब्रे ने कहा, विराट के पास टेस्ट क्रिकेट के पांच साल नहीं बचे थे। यही हाल रोहित का भी था। इन दोनो ने इसी पर विचार कर अपने फैसले लिए। ये दोनो ही उस प्रारुप में को खेलने के लिए उतने प्रेरित नहीं थे। वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकते थे। यही इन दोनो का सोचना था और ये सही भी था।

### इंग्लैंड ने एडी जैक को टीम किया शामिल

**लंदन ।** मेजबान इंग्लैंड टीम ने 20 जून से भारतीय टीम के खिलाफ शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए 6 फुट 4 इंच लंबे तेज गेंदबाज एडी जैक को शामिल किया है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन का मानना है कि लीड्स की पिच से तेज गेंदबाजों को सहायता मिलने की उम्मीद है। ऐसे में जैक और अधिक प्रभावी हो सकते हैं। जैक ने भारत ए के खिलाफ मैच में इंग्लैंड लायंस की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्हें जोश टंग के बैकअप के रूप में टीम में रखा गया है क्योंकि टंग भारत ए के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे। जैक ने नॉर्थम्प्टन में खेले गए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट की पहली पारी में अच्छी गेंदबाजी की थी और अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल का विकेट भी लिया था। जैक ने इस मैच में अपनी गति, उछाल और सटीक लाइन-लेंथ से शीर्ष क्रम को काफी परेशान किया था।

# कई भारतीय खिलाड़ियों के पास रिकार्ड बनाने का अवसर




एजेंसी

**लंदन ।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के कई बल्लेबाजों के पास रिकार्ड बनाने का अवसर रहेगा। इस सीरीज में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अपने 2,000 टेस्ट रन पूरे कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें 202 रन की जरुरत है। जिन्होंने 19 टेस्ट मैचों में 52.88 की औसत से 1,798 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 65 से अधिक है। उन्होंने 4 शतक और 10 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 रहा है। इसके साथ ही वह 3,000 अंतरराष्ट्रीय रनों से 464 रन दूर हैं। 43 अंतराष्ट्रीय मैचों और 59 पारियों में यशस्वी ने 46.10 की औसत से 2,536 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 15 अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 3,000 रन परे कर सकते हैं। वह इससे केवल 52 रन पीछे हैं। अब तक 43 टेस्ट मैचों में पंत ने 75 पारियों में 42.11 की औसत से 2,948 रन बनाए हैं, जिसमें 73.62 का आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट है। उन्होंने छह शतक बनाए हैं, जिनमें से दो इंग्लैंड में और 15 अर्द्धशतक, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159 रहा है। वहीं टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल 9,000 अंतराष्ट्रीय रनों से 435 रन दूर हैं। सभी प्रारूपों में बेहतरीन फॉर्म दिखाने और प्रशंसकों के पसंदीदा बनने के आत्मविश्वास और इरादे को फिर से हासिल करने के बाद राहुल का लक्ष्य इंग्लैंड में करियर और बेहतर बनाना होगा। उन्होंने अपने एकमात्र अभ्यास मैच में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 116 और 51 के स्कोर के साथ लय में होने के संकेत दिये हैं। 215 अंतराष्ट्रीय मैचों और 248 पारियों में केएल ने 39.10 की औसत से 8,565 रन बनाए हैं। उन्होंने कुल 17 शतक और 57 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें 199 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 7,000 अंतराष्ट्रीय रनों से सिर्फ 309 रन दूर हैं। 358 अंतराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 296 पारियों में 32.32 की औसत से 6,691 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 200 अंतरराष्ट्रीय विकेटों से 15 विकेट दूर हैं, जिन्होंने 96 मैचों में 28.28 की औसत और 6/15 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 185 विकेट लिए हैं।

# झारखंड राज्य तलवारबाजी चैंपियनशिप का उद्घाटन



एजेंसी

**रांची ।** 17वें झारखण्ड राज्य तलवारबाजी चैंपियनशिप का उद्घाटन हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला खेल अधिकारी मार्कस हेम्ब्रोम एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर किया, मुख्य अतिथि ने इस मौके पर कहा कि यह खेल बहुत ही अच्छा है, जहाँ आप अपने जीवन में कुछ भी हासिल कर सकते हैं अगर मेहनत करें, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार राय ने भी कहा कि इस खेल को नजदीक से देखने का मौका मिला है और मैं रोमांचित हूँ और राज्य संघ और जिला संघ की मेहनत से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा जिला के सचिव प्रिंस मिश्रा के अलावा आयोजन को सफल बनाने में रामगढ़ जिला संघ की टीम और तकनीकी टीम के प्रेम उदय बेक, रामाशीष सिंह , अभिजीत, मोतीलाल, रोहन सहित कई अन्य की सराहनीय योगदान रहा है ।

## कंगना रनौत बनीं वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने बुधवार को घोषणा की कि प्रसिद्ध अभिनेत्री और भाजपा नेत्री कंगना रनौत को नई दिल्ली में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। कंगना के इस जुड़ाव से भारत में पैरा स्पोर्ट्स को नई ऊर्जा, अधिक दृश्यता और समाज में समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। ब्रांड एंबेसडर के रूप में कंगना रनौत संघर्ष, समावेशन और उत्कृष्टता जैसे मूल्यों का समर्थन करेंगी।अपने नए किरदार पर बात करते हुए कंगना ने कहा, भारत के पैरा एथलीट हर दिन यह साबित कर रहे हैं कि कुछ भी असंभव नहीं है। मुझे गर्व है कि मैं उनके साथ खड़ी हूं और उनकी उपलब्धियों को देश-दुनिया तक पहुंचाने में सहयोग कर पाऊंगी। पैरा स्पोर्ट सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि साहस की पहचान है और मैं हमारे चैंपियनों के पीछे मजबूती से खड़ी हूं। पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष और दो बार के गोल्ड मेडल विजेता देवेंद्र झाझरिया ने कहा, र्हमें कंगना जी को अपने साथ जोड़कर बहुत खुशी हो रही है। उनकी प्रसिद्धि, जुनून और भारतीय खिलाड़ियों के प्रति समर्पण उन्हें इस चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श एंबेसडर बनाता है। नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 से अधिक देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे और यह अब तक का भारत में सबसे बड़ा पैरा-स्पोर्ट इवेंट होगा। 27 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 1000 से ज्यादा एथलीट अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।


# विश्व टेस्ट चैंपियन बनने के बाद रैंकिंग में छाए दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी

- ऑस्ट्रेलिया को हराकर नया टेस्ट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर नया टेस्ट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही टीम के कई खिलाड़ियों ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे एडेन मार्करम ने शानदार 136 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उनकी इस परफॉर्मेंस ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 7 स्थान ऊपर पहुंचा दिया है और वह अब टॉप-10 से सिर्फ दो रेटिंग अंक दूर हैं। इसके अलावा, मार्करम को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए भी सराहा गया है और उन्हें टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में 44 स्थान की भारी छलांग मिली है। फाइनल में विजयी रन बनाने वाले डेविड बेडिंघम भी बल्लेबाजी रैंकिंग में 17 स्थान ऊपर चढ़कर अब 40वें स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में धमाकेदार गेंदबाजी की, जिसका उन्हें फायदा मिला और वे गेंदबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर चढ़कर पाकिस्तान के नसीम शाह और श्रीलंका के लाहिरू कुमारा के साथ 37वें स्थान पर आ गए हैं। कागिसो रबाडा ने एक बार फिर अपने क्लास का प्रदर्शन किया और वह गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। उनके 868 रेटिंग अंक भारत के जसप्रीत बुमराह से थोड़े पीछे हैं लेकिन तीसरे स्थान पर मौजूद पैट कमिंस से 21 अंक आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए हार के बावजूद मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर को रैंकिंग में फायदा मिला। स्टार्क ने टेस्ट में 5 विकेट लिए और दूसरी पारी में अर्धशतक भी जड़ा, जिससे वह गेंदबाजों और ऑलराउंडरों दोनों सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के टॉप स्कोरर रहे वेबस्टर बल्लेबाजी रैंकिंग में 13 स्थान ऊपर चढ़े हैं। दूसरी ओर, वनडे रैंकिंग में वर्ल्ड कप लीग-2 के चलते कुछ खिलाड़ियों को जबरदस्त फायदा हुआ है। नीदरलैंड्स के बल्लेबाज माइकल लेविट, बल्लेबाजी रैंकिंग में 22, गेंदबाजी में 21 और ऑलराउंडर रैंकिंग में 27 स्थान ऊपर चढ़े हैं। टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में भी वह 11 स्थान चढ़कर अब 30वें स्थान पर हैं। उनके साथी खिलाड़ी नोआ क्रोज ने भी स्कॉटलैंड के खिलाफ 50 रन की पारी खेलकर एकदिनी बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान की छलांग लगाई है। नेपाल के आरिफ शेख ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 16 रन की जीत में सर्वाधिक स्कोर कर 13 स्थान की बढ़त हासिल की है।



लंदन में एटीपी टेनिस चैम्पियनशिप में जीत के बाद उत्साहित नजर आये स्पेन के कार्लोस अल्कारेज।



# डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स


कई लोग पैसे के कारण दूसरे शहर में जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। हालांकि अगर आपको पढ़ने की चाह है तो आपको कोई रोक नहीं सकता। जी हां, अगर आप अपनी शिक्षा को बेहतर बनाना चाहते हैं और कम फीस में स्किल्स सीखना चाहते हैं, तो जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस मोड के शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। इसे आप आसानी से कर सकते हैं।

### डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्सेज

जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में केवल रेगुलर डिग्री कोर्सेज ही नहीं बल्कि डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स करने का भी मौका दे रहा है। ये कोर्स करने के बाद आप आसानी से काफी कुछ सीख सकते हैं। इन कोर्स की फीस भी बहुत कम होती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को काफी ज्यादा मदद मिल जाती है।

- डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स
- बैचलर ऑफ आर्ट्स
- बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर ऑफ कॉमर्स
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एजुकेशन
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इंग्लिश
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिस्ट्री
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिंदी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स ज्योग्राफी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स पॉलिटिकल साइंस
- मास्टर ऑफ आर्ट्स उर्दू
- मास्टर ऑफ आर्ट्स सोशियोलॉजी
- मास्टर ऑफ कॉमर्स





# बीमा सखी महिला एजेंट योजना के लिए क्या हैं जरूरी दस्तावेज और योग्यता?

## कैसे बना सकते हैं इसमें करियर

**अगर आप बीमा सखी महिला योजना में एजेंट के लिए आवेदन करना चाहती हैं, तो बता दें कि इसके लिए महिलाओं की उम्र 18 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही 10वीं कक्षा पास होना चाहिए।**

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं और स्कीम निकाली जाती है। इसी में से एक है बीमा सखी महिला योजना। बता दें, कि एलआईसी के अंतर्गत बीमा सखी योजना के तहत 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को सुनहरा भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। हालांकि इसके लिए इच्छुक महिलाओं का 10वीं पास होना जरूरी है। आवेदन करने के बाद इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग मुहैया कराई जाएगी। साथ ही 3 साल तक एलआईसी के द्वारा एक निश्चित मानदेय भी दिया जाएगा। अगर आप भी बीमा सखी महिला योजना में एजेंट बनना चाहती हैं, तो इस लेख में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, एजेंट बनने के लिए आवेदक के पास कौन सी योग्यता होनी चाहिए।

### बीमा सखी महिला एजेंट को कितना मिलेगा वेतन भत्ता?

अगर आप बीमा सखी महिला योजना में एजेंट बनकर अपना करियर बना सकती हैं। इस योजना के लिए महिलाओं की उम्र 18 साल से 70 साल होनी चाहिए। इस पद के लिए आवेदन करने वाली युवतियों के पास 10वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है, जिन्हें विकास अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा इस योजना से जुड़ी महिलाओं को हर महीने एलआईसी द्वारा 7 हजार रुपये दिए जाएंगे। बता दें कि यह वेतन भत्ता 3 साल तक दिया जाएगा। पहले वर्ष 7 हजार, दूसरे साल 6 और तीसरे वर्ष 5 हजार रुपये महीना सैलरी दी जाएगी।

### काम के साथ मिलेगा कमीशन

इस योजना के तहत जुड़ने वाली महिलाओं को अपने किए गए कार्य के हिसाब से कमीशन भी मिलेगा। बीमा सखी महिला एजेंट को पहले साल में 24 लोगों का बीमा करवाना होगा। इस पर उन्हें कम से कम 40-50 हजार रुपये साल की कमीशन मिल सकता है। वहीं बात करें दूसरे साल की तो इस वर्ष पहले साल का 65 प्रतिशत पॉलिसी करने पर कमीशन दिया जाएगा। यहीं क्रम तीसरे साल भी लागू रहेगा।

### जरूरी दस्तावेज

- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटो
- निवास प्रमाण जैसे- राशन कार्ड, बिजली बिल या पानी का बिल।
- शैक्षिक प्रमाणपत्र कम से कम 10वीं कक्षा तक की शिक्षा।
- बैंक खाता विवरण
- स्वास्थ्य प्रमाण पत्र

### कैसे बना सकते हैं करियर?

- LIC की तरफ से बीमा सखी को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें उन्हें बीमा उत्पादों, बिक्री रणनीतियों, ग्राहक से बात करने, और डॉक्यूमेंट की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाती है।
- बीमा सखी के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए LIC से आवेदन करना होगा।
- एजेंट बनने के बाद, आपको विभिन्न बीमा स्कीम को ग्राहकों को समझाना होगा।








# विदेश में रहते हैं तो इन तरीकों से बढ़ाएं अपने कम्युनिकेशन स्किल्स

**विदेश जाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है कम्युनिकेशन की। किसी और देश के कल्चर के हिसाब से भाषा सीखना थोड़ा पेचीदा हो सकता है।**

अधिकतर भारतीयों को इंग्लिश बचपन से ही सिखाई जाती है, लेकिन अगर इसे आप यूके या फिर अमेरिका में बोलेंगे, तो भी कम्युनिकेशन गैप आएगा ही। किसी नए देश में जाकर ठीक से कम्युनिकेट करने में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। यह समझने में समय लगता है कि किसी अन्य देश में आप सही कम्युनिकेशन कैसे करें। अगर यूरोप, थाईलैंड जैसे किसी देश में गए हैं, तो वहां की भाषा सीखने और सही कम्युनिकेट करने में समय लगता है।

### बोलने से ज्यादा सुनने की कोशिश करें

कम्युनिकेशन स्किल बेहतर बनाने के लिए आपको पहले एक अच्छा लिसनर बनना होगा। लोगों को यह अच्छा लगता है कि उन्हें सुना जाए। ऐसे में आप किसी और देश में हैं, तो लोगों के हाव-भाव को समझें और उनकी बातों को सुनने की कोशिश करें। खुद से ही उनके सवालों के जवाब ढूंढने की जगह पहले उन्हें ठीक से सवाल पूछने दें। कई बार हम एंग्जाइटी में ही बोल जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना है। जब भी आप किसी से फोन पर बात कर रहे हैं, तो टेक्स्ट मैसेज का जवाब देना, ईमेल करना आदि बहुत खराब होता है। ऐसे में आपके कम्युनिकेशन स्किल कभी बेहतर नहीं हो पाएंगे। विदेशों में इस तरह की चीज को असभ्य माना जाता है। सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें कई बार हम अगर किसी अन्य नेशनालिटी के व्यक्ति से बात करते हैं, तो हम बहुत ही कॉन्शियस हो जाते हैं। यह कई बार अशिष्ट लगता है। कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बनाने का यह एक बहुत सही तरीका है कि आप अपने व्यवहार को बेहतर बनाएं।

### बॉडी लैंग्वेज ऑफेंसिव ना रखें

कई बार हम किसी वेटर या फिर किसी सब्जी बेचने वाले से भारत में बहुत रूड तरह से बात करते हैं। बाहरी देशों में प्लंबर, कारपेंटर, वेजिटेबल वेंडर, वेटर और ऐसे सभी काम स्किल्ड लेबर में आते हैं। चाहे भारत हो या कहीं और आपको हर काम की इज्जत करनी चाहिए और अपने व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज को ऑफेंसिव नहीं रखना चाहिए।

### धीमे बोलें, लेकिन फैक्ट्स का ध्यान रखें

कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर बनाने के लिए फैक्ट्स का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। आपको ध्यान से बोलना होगा और सही बोलना होगा। हम कई बार अपनी तारीफ के चक्कर में कुछ एक्स्ट्रा ही बोल जाते हैं। ऐसा नहीं करना है। ऐसा करने से आपके साथ समस्या बढ़ेगी।

### पॉजिटिव बोलें और स्माइल का ध्यान रखें

अगर आपको किसी को इम्प्रेस करना है, तो स्माइल से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता है। ऐसे में आप हमेशा पॉजिटिव रहें और स्माइल करते रहें। गर्मजोशी से हाथ मिलाएं और फिर आगे बढ़ें। कई बार फर्स्ट इम्प्रेशन ही इससे बहुत अच्छा पड़ता है।

### ज्यादा लंबे टेक्स्ट या ईमेल ना करें

हिंदुस्तान में कॉर्पोरेट ईमेल्स भी बहुत लंबे होते हैं पर यह सही तरीका नहीं है। मेल पर सिर्फ प्वाइंटर आदि होने चाहिए और बाकी चीजों के लिए कॉल या फेस टू फेस कंवर्जेशन ज्यादा बेहतर है। कई बार हम इसे अवॉइड करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। इससे यह दिखता है कि आप एक अच्छे स्पीकर या लिसनर नहीं हैं।

### लिखने से पहले पढ़ जरूर लें

कम्युनिकेशन का एक अहम नियम है। आप कुछ भी गलत ना बोले ना ही लिखें। आप कोई मेल या टेक्स्ट कर रहे हैं, तो उसे ठीक से पढ़ लें। अगर टेक्स्ट या ईमेल में कोई गलती जाती है, तो लोगों पर आपका इम्प्रेशन सही नहीं पड़ेगा। लिखने के बाद पढ़ने की आदत आपको एम्बैरेस्मेंट से बचा सकती है।



# इन स्किल्स की बदौलत स्कूल स्टूडेंट्स कर सकते हैं अपने सक्सेसफुल करियर की शुरुआत

सक्सेसफुल करियर की चाह सभी रखते हैं। अगर आप भी अपने बच्चों को सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उनके करियर की शुरुआत करने से पहले ही उन्हें कुछ खास स्किल्स सिखाएं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें करियर की शुरुआत में क्या-क्या सिखा सकती हैं, ताकि आगे जाकर उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

### ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी

ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का चलन काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के बारे में बताना चाहिए। आने वाले समय में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल काफी बढ़ने वाला है। यह उनके फ्यूचर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

### ट्रेडिंग

शेयर मार्केट और ट्रेडिंग के क्षेत्र में भी काफी अवसर हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने बच्चों को इसके बारे में भी बता सकती हैं। आजकल लोग ट्रेडिंग करके हर महीने करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। ऐसे में आपको अपने बच्चों को शुरू से ही ट्रेडिंग की जानकारी देनी चाहिए। ऐसे में अगर आपके बच्चे को इस क्षेत्र में रुचि होगी, तो उन्हें इसका काफी फायदा होने वाला है।

### डिजिटल स्किल्स


डिजिटल स्किल्सजैसी कि कोडिंग वगैरह के बारे में बच्चों को जरूर सिखाना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी अपने बच्चों का फ्यूचर सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उन्हें डिजिटल इकोसिस्टम से जुड़ी सारी चीजें जरूर बताएं। अगर जरूरी हो, तो उन्हें डिजिटल स्किल्स से जुड़ी चीजों को सीखने के लिए कोचिंग भी करवा सकती हैं।





## फिर दिलजीत दोसांझ के साथ काम करेंगे इम्तियाज अली

फिल्म निर्माता इम्तियाज अली अमर सिंह चमकीला के बाद एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ एक और फिल्म बनाने को तैयार हैं। फिल्म प्यार और लालसा की कहानी होगी और साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में दिलजीत के साथ नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी जैसे सितारे स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 से शुरू होगी और 2026 में बैसाखी पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने एक बयान में कहा- तुम मेरे पास होते हो गोया, जब कोई दूसरा नहीं होता - मोमिन। क्या वाकई प्यार खो सकता है? क्या किसी के दिल से घर छीना जा सकता है? अली ने बताया कि फिल्म बहुत बड़ा दिल रखती है। डायरेक्टर ने आगे कहा, इसका कैनवास बड़ा है, फिर भी यह बहुत निजी है। यह एक लड़के और लड़की की कहानी है, हमें उम्मीद है कि अगले साल आपके नजदीकी थिएटर में यह कहानी आपको काफी पसंद आएगी। फिल्म के बारे में अभी सारी बातों को गुप्त रखा गया है। यह पहली बार होगा जब दिलजीत, वेदांग और शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं, इम्तियाज, ए.आर. रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी एक बार फिर साथ में काम करेंगी। इससे पहले भी तीनों ने रॉकस्टार, हाईवे, तमाशा, अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया है। फिल्म निर्माता और दिलजीत के साथ काम करने के बारे में बात करें तो, दोनों ने 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया था, यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म थी, जो कि संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित थी। इसका निर्देशन, निर्माण और सह-लेखन इम्तियाज अली ने किया। फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में थे, जबकि परिणीति चोपड़ा उनकी दूसरी पत्नी अमरजोत की भूमिका में थीं। फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान ने तैयार किया, जबकि गीत इरशाद कामिल ने लिखे थे।






# किताबों से नहीं, असली अभ्यास से बेहतर होती है एक्टिंग

हाउसफुल 5 की एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा का मानना है कि एक्टिंग सीखने का सबसे अच्छा तरीका है, असलियत में एक्टिंग करना। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी किताबें पढ़ लो या बातें सुन लो, लेकिन अभिनय की समझ और कला सिर्फ अभ्यास से ही बेहतर होती है। सौंदर्या ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने थिएटर और सिनेमा, दोनों में काम किया है। साथ ही दोनों जगहों के अनुभव को साझा किया।

सौंदर्या ने दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) में वर्कशॉप किया है। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका के लॉस एंजेलिस में ली स्ट्रासबर्ग थिएटर में पढ़ाई की और वहां एनवाईएफए से एक्टिंग का कोर्स भी किया है। उन्होंने कहा कि वह थिएटर और सिनेमा दोनों में अभी नई हैं। वह अभी भी सीख रही हैं कि इस इंडस्ट्री में काम कैसे होता है और चीजें कैसे चलती हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, थिएटर और सिनेमा पर काम करना अलग होता है। थिएटर में जब आप एक्टिंग करते हो, तो आपको स्टेज के आखिरी कतार में बैठे लोगों तक अपनी बात पहुंचानी होती है। वहां हर भावना, हर किरदार को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना होता है। उन्होंने आगे कहा, भावनाएं तो वही होती हैं, लेकिन उन्हें दिखाने का तरीका अलग होता है। हाउसफुल 5 पूरी तरह से अलग फिल्म है। इसमें ज्यादा अलग-अलग भावनाएं नहीं हैं। इसमें खुशी और मस्ती का माहौल रहता है, जैसे रोजमर्रा की जिंदगी में होता है। लेकिन हां, जब मैं और काम करूंगी, तो बहुत कुछ सीख पाऊंगी। इंसान सिर्फ काम करके ही अच्छा बनता है। एक्टिंग सीखने से नहीं, बल्कि असलियत में करने से आती है और अभ्यास से बेहतर होती है। यह मेरी राय है। इससे पहले आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में सौंदर्या ने बताया था कि उनके लिए लाल परी का खिताब क्या मायने रखता है। उन्होंने अपने जवाब में कहा था, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई थी, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा था, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे।



## सिर्फ टच में रहना काफी नहीं, दिल से जुड़ना भी रिश्ते में जरूरी
### आदित्य रॉय कपूर

एक्टर आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों को लेकर काफी चर्चा में हैं। आईएएनएस से बात करते हुए एक्टर ने दिल से जुड़े रिश्तों पर जोर दिया। उन्होंने बताया है कि आजकल के जमाने में लोग लगातार बात करते रहते हैं, लेकिन असल में जुड़ाव कम होता है। उनका मानना है कि सिर्फ टच में रहना ही काफी नहीं होता, दिल से जुड़ना भी जरूरी होता है, ताकि रिश्ते गहरे और मजबूत बने रहें। आदित्य ने कहा कि फिल्म मेट्रो... इन दिनों में कई कहानियां हैं, जो आज के प्यार और रिश्तों के बारे में हैं, जहां कभी-कभी लोग जुड़ते हैं और कभी-कभी टूटते भी हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये कहानियां सिर्फ अलगाव की नहीं हैं, बल्कि जुड़ाव की भी हैं। आजकल की दुनिया में हम पहले से ज्यादा जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, अगर आप चाहें तो किसी से तुरंत जुड़ सकते हैं, पर मुझे नहीं पता कि इससे रिश्ते और बेहतर होंगे या नहीं। और यह एक सवाल है जो हमें खुद से बार-बार पूछना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी हम किसी से हमेशा बात करते रहते हैं, लेकिन अगर वह बातचीत दिल से नहीं है, तो फिर वह बात करने का मतलब क्या रह जाता है?

आदित्य ने आगे कहा, कभी-कभी हमें लगता है कि हम अपने दोस्तों से जुड़े हुए हैं क्योंकि हम एक-दूसरे को लगातार मीम्स भेजते रहते हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि ये बातें सच में मतलब वाली बातचीत हैं या नहीं। ये मैसेज गहरी बातचीत की जगह नहीं ले सकतीं। एक्टर ने कहा, इसलिए मेरा मानना है कि यह बहुत जरूरी है कि हम अपने रिश्तों के बारे में सोचते रहें और समझें कि क्या सिर्फ बात करते रहने का मतलब है कि हम सच में जुड़े हुए हैं, या फिर यह सिर्फ दिखावा है। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर के साथ एक्ट्रेस सारा अली खान हैं। मेट्रो... इन दिनों में आधुनिक और जटिल रिश्तों की कहानी है। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान के अलावा, अली फजल, फातिमा सना शेख, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे मशहूर कलाकार हैं। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अल्लू अर्जुन होंगे नए शक्तिमान डायरेक्टर के नाम पर भी मुहर!

शक्तिमान जैसी बड़ी सीरीज को वापस लाने के लिए कई सालों से बात चल रही है लेकिन कोई भी एक्टर इस रोल के लिए फिट नहीं बैठ रहा था। अब आखिरकार शक्तिमान को नया चेहरा मिल गया है और वो कोई और नहीं बल्कि लाखों फैंस के फेवरेट अल्लू अर्जुन हैं। कई सारी अटकलों और इंतजार के बाद भारतीय सुपरहीरो शक्तिमान इस बार बड़े पर्दे पर लौटने के लिए तैयार है, जिसमें भारतीय सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इस रोल को निभाएंगे। शक्तिमान आधिकारिक तौर पर वापस आ गया है और भारतीय पौराणिक कथाओं की ये कहानी नए तरीके से पेश की जाएगी। बॉलीवुड सूत्रों के अनुसार, शक्तिमान अब अल्लू अर्जुन के साथ फिर से शुरू होने वाला है। इस एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए बता दें कि मलयालम सुपरहीरो बेसिल जोसेफ को इस मेगा वेंचर का निर्देशन करने के लिए चुना गया है। वह शक्तिमान के रोल के लिए अल्लू अर्जुन के साथ बातचीत कर रहे हैं। दो बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टूडियो गीता आर्ट्स के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

### अल्लू अर्जुन होंगे नए शक्तिमान!

यह AA23 य AA24 हो सकती है। इसके अलावा अल्लू को दिल राजू के प्रोडक्शन में लीड रोल के लिए चुना गया है। हालांकि, इसमें समय लगेगा लेकिन माना जा रहा है कि यह फिल्म प्रशांत नील के साथ अल्लू अर्जुन की पहली फिल्म होगी। यह फिल्म अल्लू अर्जुन के करियर में मील का पत्थर साबित होगी, संभवतः यह उनकी 23वीं या 24वीं फिल्म होगी।
पुष्पा 2 की भारी सफलता के बाद अल्लू पूरे भारत में एक जाना-माना नाम बन गए हैं और शक्तिमान उनकी पैन इंडिया अपील को और मजबूत कर सकता है। एक प्यारे हीरो, एक दूरदर्शी निर्देशक और एक वैश्विक स्टूडियो के पावरहाउस के मिलन के साथ शक्तिमान भारत का अगला बड़ा सुपरहीरो बनने के लिए तैयार है।

### मुकेश खन्ना को भी पसंद हैं अल्लू अर्जुन


मुकेश खन्ना ने 2024 में अपलोड किए गए एक वीडियो में सुझाव दिया था कि अल्लू अर्जुन अगले सुपरहीरो के रोल के लिए एक अच्छा विकल्प होंगे। मुकेश ने एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने चर्चा की कि उन्हें क्यों लगता है कि अर्जुन अगले शक्तिमान हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने अंतिम निर्णय मेकर्स पर छोड़ दिया था। उन्होंने कहा, मैं किसी भी बात के लिए प्रतिबद्ध नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अल्लू अर्जुन शक्तिमान हो सकते हैं। उनके पास अच्छी शक्ल और लंबाई है, लेकिन पुष्पा के मेकर्स ने उन्हें खलनायक में बदल दिया है। फिर भी वो शक्तिमान के रोल में फिट बैठेंगे।



## सैयारा में अहान पांडे को लेकर बोले निर्देशक मोहित सूरी



अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे सैयारा फिल्म में अनीत पड्डा के साथ डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया है कि वह फिल्म में अहान को लेने के लिए पूरी तरह से संतुष्ट नहीं थे। उन्हें फिल्म में सीधे लेने के बजाए उनको परखने का रास्ता अपनाया। बाद में उन्हें एहसास हुआ कि अहान का ऑफ-कैमरा व्यवहार, किरदार से काफी मेल खाता है। बातचीत में मोहित सूरी से फिल्म सैयारा में अहान पांडे और अनीत पड्डा को लिए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा शानू शर्मा जो यश राज फिल्म्स के लिए कास्ट करते हैं, ने मुझे ऑडिशन दिखाया। यह बहुत सिंपल था। जब मैंने अहान का ऑडिशन देखा, तो मैं आश्वस्त नहीं था। तो मैंने बहाना किया कि मैंने उन्हें पसंद किया। मोहित सूरी ने आगे बताया मैंने उन्हें नहीं बताया कि वह मेरी फिल्म में ले लिए गए हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा चलो डिनर पर चलते हैं। हम एक घंटे के लिए डिनर के लिए जाने वाले थे लेकिन पूरी रात हम बाहर रहे। मुझे लगता है कि जब कैमरा बंद होता है, और जब आप किसी को काम करते हुए नहीं देखते हैं, असल टेस्ट वही होता है। इस तरह मैंने उन्हें बिना कैमरे के टेस्ट किया। इसके बाद मैंने जाना कि वह क्या हैं। मुझे महसूस हुआ कि अगर यह इसका 50 प्रतिशत भी हैं, तो ये मेरी फिल्म के लिए उचित हैं।



# आप जैसा कोई में दिखेगी माधवन और फातिमा सना शेख की लव स्टोरी

बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्म मेकर्स एक करण जौहर का प्रोडक्शंस अब अपनी पारंपरिक भव्य और NRI-केंद्रित प्रेम कहानियों से हटकर, देश के छोटे शहरों और कस्बों की कहानियां पेश करने की तैयारी में है। उनकी आने वाली दो फिल्में आप जैसा कोई और धड़क 2 इस नए बदलाव की गवाह बन रही हैं। आप जैसा कोई में आर. माधवन और फातिमा सना शेख लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी जमशेदपुर और कोलकाता के बीच घूमती है। वहीं सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म धड़क 2 भोपाल की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है।

### छोटे शहरों की कहानियों पर बेस्ड फिल्म लाएंगे करण जौहर

अब तक करण जौहर की फिल्में जैसे कभी खुशी कभी गम और कभी अलविदा ना कहना, विदेशों में रहने वाले भारतीय प्रवासियों और उनकी जीवनशैली को प्रमुखता से दिखाती थीं। कभी अलविदा ना कहना तो सीधे तौर पर न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले अनिवासी भारतीयों के रिश्तों पर केंद्रित थी। हालांकि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी फिल्मों ने भारतीय संदर्भ में वापसी की, लेकिन वे भी दिल्ली के अमीर बंगाली और पंजाबी परिवारों की कहानियां थीं। करण खुद इस धारणा को तोड़ने की बात करते रहे हैं कि वे केवल पारिवारिक फिल्में या एनआरआई-फ्रेंडली फिल्में बनाते रहे हैं। उनकी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल भले ही लंदन और पेरिस में सेट थी, लेकिन अब उनके बैनर से टियर 3 और छोटे शहरों की कहानियां आने वाली हैं।

### फिल्म में दिखेगी माधवन और फातिमा की केमिस्ट्री

पहले भी धर्मा प्रोडक्शंस ने छोटे शहरों का रुख किया है, जैसे हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया जो अंबाला में घूमती थी, और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जिसकी कहानी झांसी में सेट थी, जिनमें छोटे शहर का बैकड्रॉप और उत्तर भारतीय संस्कृति देखने को मिली थी। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार... धर्मा प्रोडक्शंस अब देश के और अंदरूनी इलाकों में प्रवेश कर रहा है। आप जैसा कोई में माधवन का किरदार जमशेदपुर का एक युवक है, जो कोलकाता में रहने वाली फातिमा से प्यार करता है। यह फिल्म बाकायदा इन लोकेशन्स पर शूट की गई है।

### दोनों की यह फिल्म बनकर तैयार है

आप जैसा कोई सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। वहीं केसरीः चैप्टर 2 एक थिएट्रिकल रिलीज थी। सूत्रों के मुताबिक... खुद नेटफ्लिक्स ने धर्मा से ऐसी फिल्म बनाने का अनुरोध किया था। यह फिल्म बनकर तैयार है और अगले महीने तक इसकी घोषणा हो जाएगी। माधवन और फातिमा के अलावा इसमें नमित दास, मनीष चौधरी, आएशा रजा मिश्रा भी हैं। इसमें कई बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर्स हैं। तेज दौड़ती भागती जिंदगी जीने वाले लोगों के लिए धर्मा की ओर से एक ठहराव वाली कहानी लाई जा रही है।

### एक अलग लुक में दिखाई देंगे माधवन

इसमें धर्मा ने अपनी परंपरा से हटकर एक और अलग प्रयोग किया है। माधवन के किरदार को भी एक नया लुक दिया गया है। उनकी रॉकेट्री, केसरीः चैप्टर 2 जैसी फिल्मों में दिखने वाले चिर-परिचित दाढ़ी-मूंछ वाले लुक के बजाय, उन्हें रहना है तेरे दिल में जैसा वाला लुक दिया गया है।



# राष्ट्र प्रथम की नीति ने नये भारत की नींव को मजबूती दी : केशव प्रसाद मौर्य








**दादरी के आकिलपुर जागीर में जनसभा को उप मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आज ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आकिलपुर जागीर में एक भव्य चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बन चुका है। आज भारत गोली का जवाब गोले से देता है।

ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र में स्थित आकिलपुर जागीर गांव में आज केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती गीता पंडित, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी व अन्य भाजपा नेताओं ने किया। चौपाल में मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्र प्रथम की नीति ने नए भारत के निर्माण की नींव को मजबूती दी है।

यह कालखंड सिर्फ योजनाओं की शुरुआत का नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाने का प्रमाण है। आज 'विकसित भारत' का सपना सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का साझा संकल्प बन चुका है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक ओबीसी समाज को सिर्फ वोटबैंक समझा, कभी हक नहीं दिया। मोदी सरकार ने वो सब किया जिसका इंतज़ार आज़ादी के बाद से था।



जातिगत जनगणना, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा, NEET सहित सभी क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण ठोस लाभ दिया। आज मोदी फोबिया से ग्रसित ढोंगियों की असलियत उजागर है। पिछड़े वर्ग के लोग जानते हैं कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस और राहुल गांधी, सपा बहादुर अखिलेश यादव, राजद एंड कंपनी सिर्फ धोखा हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर देश का भरोसा है। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत, शिक्षित भारत के साथ देश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर भी इस दौरान बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मस्जिदों और मदरसों के 'स्वयंभू चौधरी' सपा बहादुर अखिलेश यादव का यकायक भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम जाग उठा है। वे उन 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम की माला जपने लगे हैं जिन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ समेत सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिनको क्रूर मुगलों ने नष्ट किया था। 'मुग़लई सपा' खाल ओढ़कर एक 'नया ढोंग' कर रही है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी कैंपों पर किए गए हमले के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि जब भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर में आतंक का सफाया कर रही थी, तब कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे थे। उनकी बयानबाज़ी सेना के शौर्य का अपमान थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया। भारत ने कभी कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत गोली का जवाब गोले से, ड्रोन का जवाब ब्रह्मोस से देता है और देगा। कांग्रेस अब देशवासियों को मुँह दिखाने लायक नहीं रही! देश को सेना और सेना के शौर्य एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गर्व है। परंतु कांग्रेसियों की पाकिस्तान परस्ती पर शर्म आती है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, राकेश राणा, मनोज शिशोदिया, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, दीपक नागर, वीरेन्द्र भाटी, विमल पुंडीर, मनोज चौधरी, संजय चैची, हरेन्द्र नागर, धीर राणा, राजीव सिंघल, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, अर्पित तिवारी, संगीता रावल, पंकज रावल, विजय रावल, महेंद्र नागर, अरुण शर्मा, अमन कौशिक, अनुज कुमार, अरुण यादव आदि मौजूद रहे।

## कैंटीन अब महिला समूह चलाएगा : कमलावती सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती कमलावती सिंह ने बुधवार को सेक्टर-62 स्थित महिला हॉस्टल का दौरा किया। यह हॉस्टल 500 कमरों का है, जहां दौरे के समय लगभग 300 महिलाएं उपस्थित थीं।



श्रीमती सिंह ने हॉस्टल में रह रही महिलाओं की सुविधाओं और रखरखाव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि हॉस्टल की कैंटीन का संचालन पुरुषों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि अब यह कैंटीन किसी महिला समूह को सौंपी जाएगी ताकि महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलें और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'महिला सशक्तिकरण' के संकल्प की दिशा में एक अहम कदम होगा।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, संजय बाली, डिंपल आनंद, पूनम सिंह, मंजू शर्मा, विनोद त्यागी, अमित त्यागी सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे।

## मकान का छज्जा गिरा, वृद्ध की मौत

**गाजियाबाद (चेतना मंच)। थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के डीएलएफ क्षेत्र में एक मकान के थर्ड फ्लोर की रेलिंग का छज्जा गिर जाने के कारण मकान के नीचे ठेली लगाने वाले 2 व्यक्ति घायल हो गये हैं।**

**सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पंहुचकर गम्भीर रुप से घायल सलीम पुत्र अनीस उम्र करीब 60 वर्ष को एमएमजी अस्पताल में एडमिट कराया गया जहाँ डॉक्टर्स द्वारा उनको मृत घोषित कर दिया है। दूसरे घायल व्यक्ति अय्यूब पुत्र शमशेर उम्र करीब 60 वर्ष को जीटीबी अस्पताल में एडमिट कराया गया है जिनका उपचार किया जा रहा है। इनकी स्थिति अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है। सड़क का मलबा हटाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है।**

## 21 जून को जैन समाज करेगा योगा महासंगम

**नोएडा (चेतना मंच)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में नोएडा में श्री दिगम्बर जैन भगवान पार्श्वनाथ प्रभावना समिति द्वारा 'योग संगम' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे।




विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष के.के. जैन ने बताया कि अर्ह ध्यान योग एक प्राचीन भारतीय ध्यान एवं योग पद्धति है, जिसका प्रणयन समाधि सम्राट, संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज द्वारा किया गया है। अर्ह ध्यान योग को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए वरीयता प्राप्त सहयोगी संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है। विगत वर्षों में अर्ह ध्यान योग ने देश के अनेक प्रतिष्ठित स्थलों पर सफल योग सत्र आयोजित किए है।

इसी श्रृंखला में आगामी 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अर्ह ध्यान योग द्वारा एक भव्य 'योग महासंगम' कार्यक्रम का आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, जैन समाज, सेक्टर 50, विश्व जैन संगठन, एवं स्याद्वाद युवा क्लब, नौएडा, के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह आयोजन नोएडा के शिवालिक पार्क, सेक्टर 33ए (नौएडा हाट के सामने) प्रात: 5 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा।

## 11 वर्षों में पीएम ने लिखी समावेशी विकास गाथा : महेश चौहान

### जगह-जगह चौपाल लगाकर भाजपाईयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर ने चौपाल लगाई।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने समावेशी विकास की नई गाथा लिखी है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, सैनिक हर वर्ग को सशक्त करते हुए देश ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।



अभियान संयोजक महेश अवाना ने बताया कि इस चौपाल अभियान के माध्यम से विशेष रूप से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, महिला सुरक्षा अभियान, आत्मनिर्भर भारत मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी सफलताओं को आमजन के बीच साझा किया जा रहा है।

चौपाल कार्यक्रम में उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, चंदगीराम यादव, अमित त्यागी, मनोज चौहान, अर्पित मिश्रा, कल्लू सिंह, रामनिवास यादव, भूपेश चौधरी, अशोक मिश्रा, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, रामकिशन यादव, गौतम शर्मा, दीनबंधु कुशवाहा, सत्यनारायण महावार, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## प्रदेश में बिजली कटौती को लेकर 'आप' का प्रदर्शन




**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सिटी मजिस्ट्रेट सेक्टर-19 नोएडा पर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट सेक्टर-19 नोएडा पर इकट्ठे होकर योगी सरकार की बिजली कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक कमांडो ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है।

युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा कि सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से भी आम आदमी पर फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी ने सरकार से मांग की है कि आम जनता को निर्बाध 24 घंटे बिजली दी जाए, सरकार बिजली कटौती के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए इस समस्या का तत्काल निवारण करे साथ ही सरकार फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की चल रही मनमानी पर सख्ती करे।

विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी, संगठन मंत्री प्रशांत रावत, जिला सचिव जयकिशन जायसवाल, जिला सचिव प्रवीन धीमान,जिला उपाध्यक्ष मुन्न गुप्ता,व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इम्तियाज अहमद, आरटीआई एक्टिविस्ट श्रीकांत वैद्य, पवन अवाना, राजेंद्र तोमर, विवेक कुमार, सिकंदर ठाकुर, शमशाद, मनोज, राजकुमार,जयराम ठाकुर, संतोष कुमार सहित कई लोग शामिल हुए।

